# स्पष्ट आवाज़

लखनऊ
मंगलवार, 27 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 242 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्यः ₹ 3




नैतिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों के अनुरूप कार्य ...पेज-5







आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)



सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977


# आज भारत में नंबर दो पर है उत्तर प्रदेश : सीएम योगी

**उत्थान**

- **अब यूपी में तमंचा की जगह हाथ में टैबलेट**
- **पहले यूपी में सिर्फ दो एयरपोर्ट थे। हमारी सरकारों ने यूपी के हर शहर में एयरपोर्ट दिया**

**लखनऊ।** एक कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि अब यूपी की इमेज बदल रही है। हम भारत की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ इंजन बनने की क्षमता हम रखते हैं। हर योजना में यूपी कभी पीछे था, आज हम कई क्षेत्रों में नंबर वन हैं। पदक लाने वाले खिलाड़ियों को नियुक्तियां दे रहे हैं। दो करोड़ युवाओं को टैबलेट, स्मार्टफोन दे रहे हैं। 2014 में उत्तर प्रदेश देश की छठी बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज हम नंबर दो पर हैं। हम चाहेंगे कि समय-समय पर जनता से मिली राय को भी मीडिया स्थान दे।

उसमें सत्यता हो तो फिर ऐसा हो ही नहीं सकता कि सरकार उस पर संज्ञान न ले। सीएम ने कहा कि मीडिया की भूमिका समाज में महत्वपूर्ण है। जब हम लोकतंत्र की बात करते हैं तो सिर्फ सत्ता की बात नहीं होती। उसमें विपक्ष, न्यायपालिका और मीडिया भी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। सीएम योगी ने कहा कि बीते दस सालों में भारत बदला है। देश और दुनिया में भारत की स्थिति बेहतर हुई है। देश की समस्याएं एक के बाद एक खत्म हो रही हैं। ऐसा भारत ने पहली बार महसूस हो रहा है। यूपी के पास डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि यूपी को लेकर एक गलत धारणाएं थीं अब उसकी इमेज बदल रही है। इस



प्रदेश में दंगे की इमेज थी। इस प्रदेश में व्यक्ति सुरक्षित नहीं था तो जाहिर है कि निवेश सुरक्षित कैसे होगा। आज युवाओं के हाथ में तमंचा नहीं, टैबलेट है। आज सड़कों पर रंगदारी नहीं होती। आज यूपी दंगा नहीं होता बल्कि दंगल होता है। पूरे प्रदेश में यूपी की इमेज बदल रही है। सीएम योगी ने कहा कि चाहे एक्सप्रेस वे हो या एयरपोर्ट यूपी देश में नंबर वन बन रहा है। एक साल के अंदर पूरे एक्सप्रेस का 55 फीसदी यूपी का होगा। पहले यूपी में सिर्फ दो एयरपोर्ट थे। हमारी सरकारों ने यूपी के हर शहर में एयरपोर्ट दिया। यूपी में नौकरी के अवसर बढ़ाने का काम किया है।

प्रदेश की बेरोजगारी दर को नियंत्रित करने की कोशिश की गई है। सीएम योगी ने कहा कि इस सरकार ने तुष्टीकरण किसी का नहीं किया। हमने जाति और मजहब को छोड़कर हर वर्ग का विकास करने की कोशिश की है। अब यूपी का राइजिंग भी है और शाइनिंग भी। प्रदेश में अभ्युदय कोचिंग का मंच उपलब्ध कराया है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को मदद मिली। सीएम ने कहा कि आज हमारे पास जलमार्ग हैं, सदा नीरा नदियां हैं। हम अयोध्या को भी जल मार्ग से हल्दिया तक जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। अयोध्या धाम में ही एक महीने में 65 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर दिया। यह संख्या बढ़ेगी।

दुनिया में कहीं एक जगह इतने श्रद्धालु नहीं आएंगे, जितने अयोध्या में आएंगे। एमएसएमई यहां मृत प्राय था। आज दो लाख करोड़ का निर्यात एमएसएमई के साथ हो रहा है। कौन सा ऐसा तबका है, जो यह कहे कि सरकार ने हमारे लिए कुछ नहीं किया। अच्छी शिक्षा की व्यवस्था, रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने का काम हुआ है। किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं हैं। किसानों को डेढ़ गुना समर्थन मूल्य मिल रहा है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की संतुष्टि हमारा अंतिम लक्ष्य है, किसी जाति-महजब की तुष्टि हमारा लक्ष्य नहीं है। मीडिया भी एक दिशा दिखाने या सुझाव देने का काम करता है। बदली हुई परिस्थिति में मीडिया अपनी भूमिका के साथ काम करे। कई लोग अखबार पढ़े बिना मानते नहीं। कई लोग टीवी नहीं देखते, डिजिटल मीडिया को ही देखते हैं। हमें इन अभिरूचियों को भी सम्मान देना होगा।

## संक्षिप्त आवाज़



### सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट में

**मुंबई।** वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर धातु, आईटी, टेक और कंज्यूमर ड्यूरेबल सहित अधिकांश समूहों में हुयी बिकवाली के कारण आज लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में बिकवाली हुयी जिससे सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट लेकर बंद हुये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 352.67 अंक टूटकर 72790.13 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 90.65 अंक फिसलकर 22122.05 अंक पर रहा।

### मरयम बनीं पंजाब प्रांत की पहली महिला सीएम



**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी एवं मरयम नवाज सोमवार को पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं।पीएमएल-एन की 50-वर्षीया वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरयम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई)-समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के निर्वाचित प्रतिनिधियों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता।

### कांग्रेस सांसद भाजपा में शामिल

**रांची।** झारखंड के सिंहभूम (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा सोमवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। कोड़ा भाजपा मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि मैं आज भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को संकट में डाल दिया है। पार्टी कहती है कि वह सभी को साथ लेकर चलेगी, लेकिन वह केवल अपने परिवार को साथ लेकर चलती है।

### शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं: एचसी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट किया कि संदेशखालि में यौन उत्पीड़न एवं जमीन पर जबरन कब्जा करने के आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। अदालत ने निर्देश दिया कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासी लोगों की जमीन हड़पने के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले में शेख, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य के गृह सचिव को पक्षकार बनाया जाए।

### संजय सिंह की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई पांच मार्च को करेगी।

# कमाल का दिखता है गोमतीनगर स्टेशन: मोदी

**उद्घाटन**

- **प्रधानमंत्री ने गोमतीनगर स्टेशन सहित 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव रखी**
- **दशकों तक रेल को 'स्वार्थ' की राजनीति' का शिकार होना पड़ा**



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** प्रदेश का पहला वर्ल्ड क्लास गोमतीनगर रेलवे स्टेशन सहित 554 रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण आज यानी 26 फरवरी को पीएम मोदी ने वर्चुअल किया। उन्होंने कहा कि गोमतीनगर स्टेशन कमाल का दिखता है। वहीं कार्यक्रम में सीएम योगी भी वर्चुअल जुड़े। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज का दिन रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक बताया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज की आधारशिला रखी। इसके अलावा पीएम ने उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का भी उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड से करता है। आज भारत जो करता है...अभूतपूर्व स्केल से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि आज रेलवे से जुड़ी दो हजार से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। लेकिन अभी से जिस स्केल और स्पीड से काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज 27 राज्यों के करीब 300 से अधिक जिलों में 550 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है। आज यूपी के गोमती नगर के जिस रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा आज 1,500 से ज्यादा रोड, ओवरब्रिज, अंडरपास जैसी परियोजनाएं भी इसमें शामिल हैं। 40 हजार करोड़ की ये परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है। मैं देश के विभिन्न राज्यों को, वहां के नागरिकों को, भाई-बहनों को और युवा साथियों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। क्योंकि इसके सबसे ज्यादा लाभार्थी युवा ही हैं। उन्होंने कहा कि आज का भारत बड़े सपने देखता है और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात एक भी कर देता है। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सभी ने एक 'नया भारत' बनते देखा है और रेलवे में परिवर्तन तो साक्षात लोग अपनी आंखों से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो कभी कल्पना में सोचते थे, आज अपनी आंखों से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले तक 'अमृत भारत' जैसी आधुनिक ट्रेन की कल्पना बहुत मुश्किल थी और 'नमो भारत' जैसी शानदार रेल सेवा के बारे में किसी ने कभी सोचा नहीं था। दशकों तक रेलवे को हमारे यहां स्वार्थ भरी राजनीति का शिकार होना पड़ा। लेकिन अब भारतीय रेलवे देशवासियों के लिए यात्रा की सुगमता का मुख्य आधार बन रही है।

जिस रेलवे के हमेशा घाटे में होने का रोना रोया जाता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट चाहे कितना भी बड़ा हो अगर घोटाले होते रहे तो जमीन पर उसका असर कभी नहीं दिखता। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सरकारी पैसे की लूट को बचाया है इसलिए आज नई रेलवे लाइन बिछाने की गति दोगुनी हो गई है और आज जम्मू कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर तक भारतीय रेल पहुंच रही है।

## गोमतीनगर स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाना था मेरा सपना



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** उद्घाटन समारोह के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी गोमतीनगर स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का विकास मेरा सपना था। केंद्रीय रेलवे मंत्री सर्वानंद सोनोवाल जब संसद में चार स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए संसद में बोल रहे थे। तभी उनको लखनऊ के गोमती नगर स्टेशन का नाम पर्ची पर लिखकर दिया था। तो उन्होंने उसी समय इसके नाम की भी घोषणा कर दी थी। राजनाथ सिंह ने कहा कि स्टेशन को एक दिन के लिए जनता के लिए खोल दीजिए। वो खुद देखे कितना आधुनिक स्टेशन बना है। 1876 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। इसमें 177 करोड़ की परियोजना का कार्य कहीं पूरा हुआ है तो वह गोमती नगर रेलवे स्टेशन है। लखनऊ में अमौसी, मानक नगर, मल्हौर सहित अन्य जगहों पर आठ परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण में पैसे का ही नहीं मजदूरों के पसीने का भी महत्व है।

लखनऊ के विकास का अनुभव लोगों को स्वयं हो रहा है। फ्लाईओवर का काम चल रहा है। आठ फ्लाईओवर स्वीकृत हैं। काम होना शेष है। 108 किलोमीटर की रिंग रोड का मार्च के पहले सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेंगे। दो तीन वर्ष में आठ नौ फ्लाईओवर और शहर में बनेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विकास का जहां तक प्रश्न है, उसके बारे में बहुत विस्तार से बताने की आवश्यकता नहीं है, लोगों को इसका अनुभव हो रहा होगा।

## भाजपा के 8वें उम्मीदवार से मुकाबला रोचक

**राज्यसभा चुनाव**

- **सेंधमारी के आसार, मतदान के लिए अपनी कलम का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे विधायक**

**लखनऊ।** राज्यसभा में दो अप्रैल को रिक्त होने जा रहीं उत्तर प्रदेश कोटे की 10 सीटों के लिए मंगलवार को मतदान होगा। 10 सीटों के लिए कुल 11 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमें आठ भाजपा और तीन सपा के हैं। राज्यसभा चुनाव में उप्र विधान सभा के सदस्य विधानभवन परिसर स्थित तिलक हाल में मतदान करेंगे। मतदान की अवधि सुबह नौ से शाम चार बजे तक होगी और शाम पांच बजे से मतगणना शुरू होगी। चुनाव परिणाम देर रात तक आने की संभावना है। बिल्डर संजय सेठ को आठवें प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतार कर भाजपा ने चुनाव को दिलचस्प बना दिया। इस आधार पर एक सीट जीतने के लिए 37 विधायकों के वोट चाहिए। भाजपा और उसके सहयोगी दलों के विधान सभा में कुल 286 सदस्य हैं जबकि आठों प्रत्याशी को जिताने के लिए उसके पास 296 वोट होने चाहिए। चूंकि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के दो विधायकों के वोट भी भाजपा के पक्ष में जा रहे हैं इसलिए उसे छह और मतों की जरूरत होगी। मतदान के लिए विधायक अपनी कलम का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। उन्हें इस प्रयोजन के लिए रिटर्निंग अफसर की ओर से दिये गए बैंगनी स्केच पेन का प्रयोग ही करना होगा। सोमवार को समाजवादी पार्टी ने अपने विधायकों के लिए डिनर पार्टी रखी थी। इसमें 8 विधायक नहीं पहुंचे हैं। दावा किया जा रहा है कि अंबेडकरनगर विधायक राकेश पांडेय, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, गौरीगंज विधायक राकेश सिंह, ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय, काल्पी विधायक विनोद चतुर्वेदी, अमेठी विधायक महाराजी प्रजापति, चायल विधायक पूजा पाल और पल्लवी पटेल अखिलेश के डिनर में नहीं पहुंचीं। यूपी में जनसत्ता दल के प्रमुख राजा भैया राज्यसभा चुनाव में भाजपा को वोट देंगे। सोमवार को उन्होंने लोकभवन में मीडिया से बातचीत में इसका खुलासा किया। उन्होंने कहा कि जनसत्ता दल के दो वोट भाजपा को जाएंगे। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के सभी 8 प्रत्याशी जीत रहे हैं। हमारे पास संख्या बल है। वहीं भाजपा के 8वें उम्मीदवार संजय सेठ ने कहा कि संख्या बल उनके पास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग साथ आ रहे हैं।

## प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास का निधन



**मुंबई।** मशहूर गजल गायक पंकज उधास का आज 72 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी उनकी बेटी नायाब ने सोशल मीडिया पर दी है। गजल सिंगर जाजिम शर्मा ने बताया कि वे पैंक्रियाज कैंसर से जूझ रहे थे। सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें 10 दिन पहले मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। जहां सोमवार सुबह 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पंकज के परिवार में पत्नी फरीदा और दो बेटियां नायाब और रेवा हैं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा।

## बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर , 6 मजदूरों की मौत

**जौनपुर।** जिले के प्रयागराज हाईवे पर रोडवेज बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में ट्रॉली सवार छह मजदूरों की मौत हो गई और एक घायल हो गया है। घटना बीती देर रात की है। थाना सिकरारा अंतर्गत समाधगंज बाजार के पास जौनपुर-प्रयागराज हाईवे पर मकान ढालने वाले लगभग सात मजदूर ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार थे। प्रयागराज की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर हुई तो ट्राली असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में टैक्टर ट्रॉली पर सवार छह लोगों की मृत्यु हो गई तथा एक गंभीर रुप से घायल हो गया है। मृतक मजदूरों में 30 वषीर्य अतुल सरोज पुत्र रामशंकर निवासी बीरभानपुर थाना बक्सा , 45 वषीय राजेश सरोज पुत्र तेज बहादुर , निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा , 25 वषीय संग्राम विश्वकर्मा पुत्र राजेश निवासी



अलिशाहपुर थाना सिकरारा , 30 वषीय गोविन्दा बिंद पुत्र रामचंदर बिंद निवासी बटाऊवार थाना सिकरारा 20 वषीय छाई मुसहर निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा तथा नीरज सरोज पुत्र पुन्नीलाल नवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा जिला जौनपुर। जबकि घायल मजदूर पंकज सरोज पुत्र उजागीर 31 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई हैं। घटना की सूचना पर थाना सिकरारा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज हेतु सीएचसी मछलीशहर भेजा गया। मृतकों के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकतर मजदूर सिकरारा थाना क्षेत्र के अलीशाहपुर गांव के हैं। एक मृतक बक्शा क्षेत्र के बिरपालपुर गांव का निवासी है। सभी मजदूर रात में मकान की ढलाई कर ट्रैक्टर ट्राली से घर वापस आ रहे थे। घटना के बाद बस चालक पेट्रोल पंप पर बस खड़ी कर फरार हो गया। वहीं बस में सवार रुद्रपुर देवरिया निवासी महिला यात्री सरोज घायल हो गई जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।हादसे को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम तत्काल पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा गया। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## केजरीवाल भगोड़ा नंबर 1 मिलना चाहिए इनाम : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रवर्तन निदेशालय के सातवें समन पर भी न पहुंचने पर निशाना साधा है। पार्टी ने उन्हें भगोड़ा करार दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आज कहा कि अरविंद केजरीवाल को भगोड़ा नंबर 1 होने का इनाम मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भगोड़ा नंबर 1 का कोई नोबेल पुरस्कार हो तो वह केजरीवाल को ही मिलना चाहिए। आज सातवें समन पर भी केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं हुए। अब वे विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। पूनावाला ने कहा कि जब वे अन्ना हजारे के साथ थे तो कहते थे कि पहले इस्तीफा फिर जांच करें। अब वह इससे पीछे भाग



रहे हैं। शराब घोटाले के मास्टरमाइंड आज न तो अपना इस्तीफा देंगे और न ही जांच में हिस्सा लेंगे, क्योंकि अब वे, सोनिया गांधी, लालू प्रसाद यादव के मित्र और सहयोगी हैं। भाजपा नेता पूनावाला ने कहा कि बार-बार केजरीवाल इसे बदले की राजनीति बता रहे हैं। पूनावाला ने सवाल किया कि फिर भी कोर्ट ने उन्हें क्यों नहीं राहत दी। भाजपा नेता ने कहा कि केजरीवाल भ्रष्ट हैं और उन्हें शराब नीति घोटाले पर जनता को जवाब देना होगा।

**लखीमपुर खीरी में डबल मर्डर**

## युवक-युवती को पहले मारी गोली, फिर धारदार हथियार से किए वार

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां थाना व कस्बा मितौली में एक युवक और युवती की हत्या कर दी गई। जिसके पास में एक तमंचा और खोखा कारतूस पड़ा था। दोनों के चेहरे पर धारदार हथियार के निशान हैं। युवक के चेहरे का कुछ हिस्सा गायब है। युवती का भी चेहरा बिगाड़ दिया गया है। पुलिस ने दोनों के शवों की शिनाख्त कर ली है। लड़के की पहचान राघवेंद्र कुमार के रूप में हुई है जो कलुआ मोती थाना मैगलगंज का रहने वाला था। जबकि लड़की का नाम उमा भारती है, जो मुरादपुर गांव की रहने वाली थी। बताया जाता है कि दोनों में पिछले डेढ़ साल से वह अफेयर चल रहा था।

लड़की मितौली में ही एक हॉस्पिटल में नर्स थी। जबकि राघवेंद्र सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। हालही में हुई उप्र पुलिस भर्ती की परीक्षा



मृतक राघवेंद्र
मृतक नर्स, उमा भारती

दे चुका था। आज सुबह करीब 10 बजे उमा के हॉस्पिटल से करीब डेढ़ किमी दूर गांव मितौली में शहीद मर्द जिंद बाबा की मजार के पास नीम के पेड़ के नीचे दोनों के शव लहूलुहान हालत में पड़े मिले। दोनों के सिर फटे हुए थे। काफी दूर तक खून बहा पड़ा था। लड़के के शव के पास 15 बोर का तमंचा और एक खोखा भी पड़ा था। गांव के लोगों ने बताया कि गोली चलने की आवाज किसी ने नहीं सुनी। जब गांव के लोग मजार होते हुए खेतों की तरफ जा रहे थे तो उनकी नजर दोनों शवों पर पड़ी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दोनों की पहचान उनके पास मिले डॉक्यूमेंट के आधार पर हुई। जिसके बाद दोनों के परिवार वालों को सूचना दी गई। दोनों के परिवार वालों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे राघवेंद्र के पिता कल्लू राम ने बताया कि बेटा लखनऊ में रहकर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। वो बीएससी एग्रीकल्चर कर चुका था। आज सुबह 8 बजे मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था। बोला था कि गुरुजी ने बुलाया है, मितौली जा रहा हूं। अब यहां उसकी लाश पड़ी मिली है। पुलिस ने मुझे बेटे की लाश देखने नहीं दी है। वहीं, दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई है। सीओ मितौली भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस ने येलो टेप लगाकर घटना स्थल सुरक्षित किया है। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है।

### एसपी बोले- पहली नजर में लग रहा सुसाइड

एसपी गणेश प्रसाद शाहा ने बताया कि थाना मितौली को सूचना मिली थी कि एक लड़के और लड़की के शव पड़े हैं। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाये हैं। प्रथम दृष्ट्या लग रहा है कि दोनों ने सुसाइड किया है, पहले लड़के ने लड़की को गोली मारी होगी, उसके बाद खुद को भी गोली मार ली। मौके से फिलहाल एक ही खोखा मिला है, जिसके चलते जांच में कई और बिंदु शामिल किये गए हैं। जल्द ही घटना के अनावरण के लिए टीमें लगा दी गई हैं।

# एआई तकनीकी से लैस होगा स्वास्थ्य विभाग : डिप्टी सीएम

- एआई तकनीक का इस्तेमाल, गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा सहित कई अन्य बिंदु शामिल



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने के लिए टेली मेडिसिन समेत कई अहम बिन्दुओं पर समझौता किया गया है। सोमवार को एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित समझौता ज्ञापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को एआई तकनीक से जोड़ा जा रहा है। आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए है। जिसमें कानपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और फिक्की के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये है। उन्होंने कहा कि इन समझौता पत्रों में कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर सहमति बनी है। इनमें टेली मेडिकल सेवाओं में सुधारए एआई तकनीक का इस्तेमालए गर्भवती महिलाओं को निन्शुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा सहित कई अन्य बिंदु शामिल है। श्री पाठक ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के साथ हस्ताक्षरित एमओयू में टेली मेडिसिन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार चिकित्सा स्वास्थ्य के क्षेत्र में आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस आधारित सॉल्यूशंस विभिन्न कार्यक्रमों में सुधार के लिए पॉइंट ऑफ केयर डायग्नोस्टिक्स जन स्वास्थ्य गतिविधियों के लिए डाटा आधारित डिसीजन मेकिंग फ्रे कवर्क एवं कार्यक्रम विशेष के लिए आपसी सहयोग के साथ कार्ययोजना शामिल किया गया हैं। समझौता के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हस्ताक्षरित एमओयू में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर इम्मैनल्ड निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को निन्शुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डिजीटल इंटरफेस ई.रूपी वाउचर का प्रभावी प्रयोग शामिल है।फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फिक्की के साथ हस्ताक्षरित एमओयू में स्मार्ट आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विकास टेली कंसल्टेशन सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधारए रोग निदान के लिए हब एवं स्पोक मॉडल में सहयोग प्रदान करनाए डीवीडीएमएस पोर्टल का प्रभावी उपयोग और समुदाय आधारित प्लेटफॉर्म को सुदृढ़ करना शामिल किया गया है।

# बारी बारी छोड़ रहे हैं हाथी की सवारी

**मिशन-2024**

विशेष संवाददाता



रितेश पाण्डेय | अफजाल अन्सारी | दानिश अली | संगीता आजाद | मलूक नागर

- बसपा का एक सांसद सपा में दूसरा भाजपा में
- दो अन्य सांसद थाम सकते है कांग्रेस का हाथ
- संगीता आजाद और मलूक नागर के भी छोड़ेगे साथ

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेश में दलों से लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है। जयंत चौधरी के सपा गठबंधन से अलग होने और स्वामी प्रसाद मौर्य और पूर्व विधानपरिषद सभापति केके गौतम के पार्टी छोड़ने के बाद अब बसपा को बारी-बारी लोगों ने अलविदा कहना शुरू कर दिया है। भाजपा भी चार सौ पार का नारा साकार करने के लिए सपा-बसपा सरीखे दलों से जिताऊ-टिकाऊ लोगों को तोड़कर अपने साथ लाने में लगी हुई है। हालांकि इस मुहिम में सपा-कांग्रेस सरीखे दल भी पीछे नहीं दिख रहे है। हाल ही में आंबेडकरनगर के बसपा सांसद रितेश पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता गृहण की। रितेश बसपा से विधायक भी रह चुके है। रितेश पांडेय से पूर्व गाजीपुर के बसपा सांसद और मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी को समाजवादी पार्टी ने गाजीपुर से उम्मीदवार बनाया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन के बाद बसपा के दस सांसद चुने गए है। जिनमें से दो चुनाव से पार्टी छोड़ गए है। जबकि तीन अन्य सांसद भी पाला बदलने की पूरी तैयारी कर चुके है। इनमें जौनपुर के सांसद श्याम सिंह यादव कांग्रेस मे शामिल होने की संभवनाओं को इस बात से बल मिल रहा है क्योकि उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा में आगरा में हिस्सा लिया था यहीं नहीं इससे पूर्व उन्होंने उनके आवास पर मुलाकात भी की थी। दानिश अली ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होकर कांग्रेस में शामिल होने की संभवनाओं को पुख्ता कर दिया है। हालांकि उनके शामिल होने की संभावना के बीच ही अमरोहा के कांग्रेसियों ने उनके पार्टी में आने से पहले ही विरोध जताना शुरू कर दिया है। इन दोनो नेताओ को बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा में संसदीय दल के नेता की जिम्मेदारी सौंपी थी। हालांकि दानिश अली के कांग्रेस में शामिल होने से पूर्व ही उन्हे बसपा से निकाल दिया गया था। चुनाव से पूर्व तीन सांसदों के हांथी से उतरने के बाद अब संभावना इस बात की जताई जा रही है कि जल्द ही लालगंज की सांसद संगीता आजाद भी हांथी से उतरकर भाजपा का झंडा उठा सकती है। संगीता ने हाल ही में पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनके पति अमित शाह के संपर्क में बने हुए है। बसपा के चार सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद संगीता आजाद के साथ ही बिजनौर के सांसद मलूक नागर को अब एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन में अपना भविष्य सुरक्षित लग रहा है। यदि वे सीधे भाजपा में न गए तो रालोद के रास्ते एनडीए एलायंस में इंट्री पा सकते है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन होने के नाते बसपा में टिकटार्थियों की खासी लंबी लाइन थी लेकिन इस बार बिना किसी गठबंधन के बजाए अकेले दम पर चुनाव लड़ने के फैसले के चलते कोई बसपा से चुनाव लड़ने का जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद जब 2022 का विधानसभा चुनाव बसपा अकेले लड़ी तो उसे मात्र एक सीट पर सफलता मिल पाई। बसपा ने सभी 403 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे इनमें से 290 की जमानत जब्त हो गयी थी। पिछले विधानसभा चुनाव नतीजों को देखते हुए अब लोग बसपा के टिकट के दावेदार दूसरे दलों की ओर रूख करने लगे है। राजनीतिक जानकारों की माने तो चुनाव की घोषणा होने या इससे पूर्व बसपा के कई बड़े नेता भाजपा सहित दूसरे दलों का दामन थाम सकते है। बसपा द्वारा किसी गठबंधन में शामिल न होने के फैसले के बाद से पार्टी के मौजूदा सांसदों के सामने अनिश्चित्ता की स्थिति बनी हुई है। राजनीतिक जानकारों को कहना है कि इस बार बसपा के अकेले दम पर चुनाव लड़ने के फैसले ने चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं के मसूंबों पर पानी फेर दिया जिसके बाद से भगदड़ मची हुई है।

### दलबदलू बने है दलों की चुनौती

दलबदलुओं के चलते विभिन्न दलों के सामने अपनों को मनाने और समायोजित करने की बड़ी चुनौती भी है। जिस तरह दूसरे दलों के लोग सपा या भाजपा में शामिल हो रहे है उससे इन दलों के वे लोग सबसे ज्यादा संशकित है जो चुनाव लड़ने की पिछले पांच साल से तैयारी कर रहे थे। जानकारों की माने तो जिस तरह लोगों का इन दलों में आने का सिलसिला जारी है उसके बाद से पार्टियों के अधिकृत प्रत्याशियों भितरघात और विरोध का सामना करना पड़ सकता है। सभी दलों में चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों की लंबी फहरिस्त है ऐसे में बाहरी लोगों के समायोजन के साथ अपनों को मनाए रखना भी टेढ़ी खीर साबित हो सकता है।

# पांच साल से शिक्षक भर्ती न होने से आक्रोशित हैं युवा : अजय राय



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** सोमवार को बीटीसी/डीएलएड टीईटी/ सीटीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय से कांग्रेस मुख्यालय पर मिला। प्रतिनिधि मंडल में डीएलएड संयुक्त प्रशिक्षित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रजत सिंह एवं संयुक्त मोर्चा संघ के अध्यक्ष राहुल यादव, ज्ञानेन्द्र वर्मा, लवकुश मौर्य, आलोक पाण्डेय शामिल रहे। प्रतिनिधि मंडल में शामिल युवाओं ने बताया कि गत 5 वर्षो से प्राथमिक शिक्षा विभाग में कोई भी भर्ती नहीं हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष प्राथमिक में शिक्षकों के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (बीटीसी/ डीएलएड) कराया जाता है, जिससे करीब दो लाख प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। मगर प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों भर्ती 05 दिसंबर 2018 के बाद से कोई भी विज्ञप्ति नहीं हो सकी। सरकार हर साल टीईटी की परीक्षा कराती है जो एक योग्यता परीक्षा है। हर वर्ष लगभग 20 लाख के आस पास युवा इस योग्यता परीक्षा को देते हैं जिसका शुल्क 1200 रु है। एक अनुमान के मुताबिक सरकार प्रति वर्ष सिर्फ शुल्क से 2.5 अरब रुपये प्राप्त करती है। हालांकि गत दो वर्षो से सरकार ने ये परीक्षा भी नहीं कराई है। अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि युवा सरकार की इस संवदेनहीनता से दोहरी मार खा रहे हैं, एक तो नौकरी न मिलने से बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं, दूसरा सरकार उनसे शुल्क लेकर अपना खजाना भर रही है। कुछ वर्ष पहले जब संसद में धर्मवीर सिंह ने उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षकों के रिक्त पदों का विवरण मांगा तब केन्द्रीय शिक्षा मंत्री डॉ रमेश पोखिरियाल निशंक ने आंकड़ा प्रस्तुत किया जिसके अनुसार 2 लाख 17 हजार 4 सौ 81 पद प्राथमिक शिक्षकों के रिक्त हैं। सरकार ने शिक्षक छात्र अनुपात के सम्बंध में एक कमेटी का गठन किया था जिसकी रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं हुई है। श्री राय ने कहा कि अपने पिछले कार्यकाल में योगी सरकार ने प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक की भर्ती के लिए एक भर्ती आयोग बनाने का शिगूफा छोड़ा था। सात साल बीत जाने के बाद भी ये आयोग अभी तक काम करना शुरू नहीं कर पाया है। सरकार की इस सुस्त गति के कारण कोई भर्ती नहीं हो पा रही है और जिस वजह से लाखों प्रशिक्षित युवा बेरोजगारी का दंश झेलने को अभिशप्त हैं।

# युवाओं में हो राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक सूझबूझ का विकास : डॉ. राजेश्वर



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** यंगलीडर्स में आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व शक्ति जागृत करने और उन्हे राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक व अन्य विषयों के सम्बन्ध में जागरूक बनाने के उद्देश्य के साथ सोमवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गयी अभिनव पहल युवा ञ्च सरोजनीनगर कॉन्क्लेव के तीसरे चरण में युवा नेतृत्व सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। नटकुर स्थित आर्याकुल ग्रुप ऑफ़ कॉलेज में आयोजित युवा नेतृत्व सशक्तिकरण कार्यशाला में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, सेवानिवृत्त अधिकारियों और विभिन्न सामाजिक मंचों पर प्रभाव रखने वाले एक्सपर्ट द्वारा युवा नेताओं को संवेदनशील, जागरूक, स्थिर और विनम्र राजनेता के रूप में स्थापित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें प्रेरित, प्रोत्साहित और उनका मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला के आयोजक डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाशक्ति को राष्ट्र की अमूल्य निधि बताये हुए कहा कि युवाओं की शिक्षा राष्ट्र की प्रगति की बुनियाद है, देश की उतरोत्तर प्रगति के लिए युवा नेतृत्व को भविष्य की व्यापक भूमिकाओं के प्रति तैयार करना हमारा प्रमुख कर्तव्य है, उन्होंने युवा नेताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि नेतृत्वशीलता के लिए युवाशक्ति में स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए एक विजन होना चाहिए समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण, विकास योजनाओं के मानकों का ज्ञान और प्रशासनिक संरचना की विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। विधायक ने युवा शक्ति को अपने क्षेत्र के विकास के लिए एक लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हुए आशा व्यक्त की कि मुझे विश्वास है कि इस कार्यशाला के उपरान्त युवा शक्ति के पास नई दिशा, नए विचार, नए लक्ष्य और नई परख होगी, जिसके फलस्वरूप अगले 2 साल तक साथ काम करके सरोजनीनगर के युवा आदर्श सरोजनीनगर के निर्माण का वाहक बन सकेंगे। मुख्य वक्ता एसएसपी विजिलेंस पद पर तैनात आईपीएस अधिकारी अरविन्द चतुर्वेदी ने युवाओं में ऊर्जा का संचार करते हुए जो कुछ भी हो सर्वोत्तम हो का लक्ष्य दिया। उन्होंने युवाओं को पुलिस के इतिहास से लेकर वर्तमान में प्रदेश बल की संरचना, अधिकारों क्रियाकलापों से अवगत कराया। पूर्व डीआइजी रहे रिटायर्ड आईपीएस हरीश कुमार ने यंग लीडर्स को जनप्रतिनिधियों के उत्तरदायित्वों के बारे में कहा की, हम युवाओं को कैसे शिक्षित बना सकें, हम कैसे युवाओं को राष्ट्र के विकास में समायोजित कर सकें इसके लिए प्रयास करना जनप्रतिनिधि का प्रमुख उत्तरदायित्व है, उन्होंने राजेश्वर सिंह की कार्यशैली को एक आदर्श विधायक की कार्यशैली के रूप में परिभाषित किया। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गयी युवा सरोजनीनगर कॉन्क्लेव में युवा सशक्तिकरण के प्रयास किये जा रहे हैं, युवा नेतृत्व सशक्तीकरण कार्यशाला में सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी 6 मंडलों के 20-20 युवा नेताओं को आमंत्रित किया गया था, डॉ. राजेश्वर सिंह का लक्ष्य प्रत्येक माह ऐसी कार्यशाला का आयोजन करना है।

## संक्षिप्त आवाज़

### अस्पताल के बाहर खड़ी तामीरदार की बुलेट चोरी

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** आशियाना थाना क्षेत्र में संचालित एक निजी अस्पताल के बाहर खडी तामीरदार की बुलेट बाइक बेखौफ चोर चोरी कर फरार हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित मानस नगर निवासी गौरव सिंह पुत्र सूर्य बक्स सिंह ने बताया कि बीते 22 फरवरी को उनकी पुत्री का जन्म आशियाना थाना क्षेत्र में संचालित सूर्या हास्पिटल मे हुआ था और उनका मरीज अस्पताल में ही एडमिट था। जिसके चलते वह बीते 24 फरवरी की देर शाम करीब 8 बजे अपनी बुलेट रायल इन्फील्ड बाइक संख्या यूपी 32 एम एक्स 8291 से चाय लेकर सूर्या अस्पताल पहुंचे और उन्होंने अपनी बाइक अस्पताल के बाहर खडी कर अंदर चले गए। पीड़ित का कहना है कि वह बाइक को अस्पताल के बाहर खडी कर अपनी मौसी के लड़के के साथ कार से घर चले गए और रात्रि करीब 10 बजे वह घर जाने के लिये बाइक उठाने गए तो उनकी बाइक अस्पताल के बाहर से गायब थी। जिसकी खोजबीन करने के बाद उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से शिकायत की है।

### घर में रखे सिलेंडर में लगी आग, हड़कंप

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित गणेश नगर विजय नगर में सोमवार सुबह घर में रक्खे गैस सिलेंडर में अचानक से आग लग गई। जिससे हडकंप मचा गया और घर के बाहर सडको पर आ गए। स्थानीय लोगों द्वारा कन्ट्रोल नम्बर पर पुलिस को आग की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर आलमबाग फायर ब्रिगेड टीम ने एक दमकल की गाड़ी संग पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। इस दौरान कोई भी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। एफएसओ आलमबाग धर्मपाल सिंह के मुताबिक आग पूजा के दिए या फिर शार्ट सर्किट से लगी थी जिस पर काबू पा लिया गया है।

### आनंदीबेन ने पंकज उधास के निधन पर किया शोक व्यक्त

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मशहूर गज़ल गायक पंकज उधास के निधन पर आज गहरा शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय पंकज उधास गजल गायकी के बेताज बादशाह थे, उन्हें गजल गायकी में सिल्वर जुबली पूरा करने के लिए पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था। श्रीमती पटेल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## मायावती ने की राठी की हत्या की निंदा

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में आईएनएलडी के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या की भर्त्सना की है और इसे हरियाणा की बदहाल कानून व्यवस्था का परिणाम बताया है। सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया हरियाणा प्रदेश के इ.ने. लोकदल के प्रमुख श्री नफे सिंह राठी की बहादुरगढ़ में दिन-दहाड़े गोली मारकर की गयी हत्या की घटना अति-दुखद, चिन्तनीय व कानून-व्यवस्था के मामले में सरकारी का प्रतीक। सरकार घटना को गंभीरता से के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करे।

## भाजपा का 8वां प्रत्याशी भी जीतेगा : राजभर



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** राज्यसभा की 10 सीटों पर चुनाव से ठीक एक दिन पहले सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी का 8वां उम्मीदवार भी चुनाव जीतेगा। संजय सेठ बढ़िया वोट से जीत रहे हैं। सपा पार्टी ही जीता रही है। वह बंपर वोट से जीतेंगे। यही नहीं, राजा भैया को लेकर भी उन्होंने दावा किया कि राजा भैया भाजपा के उम्मीदवारों को 100 प्रतिशत वोट देंगे। क्यों नहीं देंगे। कहां जाएंगे। सब राजग के साथ हैं। राजा भैया भी लोकभवन पहुंच गए हैं। दरअसल, भाजपा ने सोमवार को लोकभवन में सभी विधायकों को बुलाया है। इनमें सहयोगी दल के भी विधायक हैं। राजभर अपनी पार्टी के 3 विधायकों के साथ इसी बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। वहीं, उनके 2 विधायकों के नहीं पहुंचने के सवाल पर राजभर ने कहा कि शाम को डिनर है। वे उसमें आएंगे। इधर, रालोद के 7 विधायक भी लोकभवन पहुंचे हैं। यह विधायक भी राज्यसभा से पहले बुलाई गई बैठक में शामिल होंगे। हालांकि, आधिकारिक तौर पर उनके किसी विधायक ने बात नहीं की। लेकिन यह तय माना जा रहा है कि रालोद विधायक भी भाजपा के प्रत्याशियों को वोट देंगे। रालोद के अभी 9 विधायक हैं।

## अधिवक्ता अविनाश सिंह के ऑफिस का हुआ उद्घाटन

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के अधिवक्ता अविनाश सिंह के नए चेंबर का उद्घाटन सोमवार वरिष्ठ अधिवक्ता आई बी सिंह ने किया। बता दें कि अधिवक्ता अविनाश सिंह राज नारायण सिंह (रिटायर्ड आईएएस) के पुत्र हैं। इन्होंने अपनी कानून की पढ़ाई सिंबोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी नोएडा से वर्ष 2022 में पूरी की। इसके बाद लखनऊ हाई कोर्ट में बतौर अधिवक्ता अपनी प्रेक्टिस शुरू की। गोमतीनगर में हुए इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीपति मिश्र के पुत्र समेत तमाम अधिवक्ता, नौकरशाह व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## वृन्दावन योजना में बनेगा मैक्स हॉस्पिटल

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने वृन्दावन योजना, लखनऊ में उपलब्ध संस्थागत भूखण्डों की ई-नीलामी कराई थी। इस ई-नीलामी में प्रसिद्ध मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लि की उच्चतम बोली को स्वीकृत कर परिषद मुख्यालय में आवास आयुक्त, अपर आवास आयुक्त, सचिव द्वारा हॉस्पिटल के लिए संस्थागत भूखंड का आवंटन किया गया। मैक्स हेल्थकेयर 17 स्वास्थ्य सुविधाओं के नेटवर्क के साथ उत्तर भारत का प्रमुख हॉस्पिटल ग्रुप है। इस भूखण्ड आवंटन से लखनऊ में 162.88 करोड़ लागत के 21946.06 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के इस भूखण्ड पर पांच सौ बेड के एक शानदार हॉस्पिटल के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह हॉस्पिटल लखनऊ ही नहीं पूरे प्रदेश के लोगों को उच्च-तकनीकी चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के साथ ही उच्च गुणवत्ता वाले इलाज की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। यह महत्वपूर्ण कदम उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाएगा।

# जमीन को खाली कराने के लिए चलाया गया बुलडोजर



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** लखनऊ की कमिश्नर कोर्ट ने अकबर नगर खण्ड एक व खण्ड दो में बने 1068 मकान और 101 दुकानों को अवैध घोषित करते हुए फैसला सुनाया। इसके बाद सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने कुकरैल नदी की जमीन पर बसे अकबर नगर के मकानों एवं दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया। एलडीए की कार्यवाही के कारण अभी तक मकान छोड़ नहीं सके लोगों में हड़कम्प मचा है, वहीं बुलडोजर की कार्रवाई इसी तरह आगे भी जारी रहेगी। अकबर नगर खण्ड एक व खण्ड दो में जैसे ही एलडीए का बुलडोजर पहुंचा। वहां स्थानीय लोगों ने हंगामा करना शुरु कर दिया। कुछ देर बाद नगर निगम की टीमें पहुंच गयी और स्थानीय स्तर पर तीन थानों की फोर्स बुला ली गयी। अकबर नगर की गलियों में टीमें घुसी और मकानों को खाली करने की चेतावनी देते हुए आगे बढ़ी। मौके पर कुछ लोग बाहर निकल आये और विरोध करने लगे। इस पर पुलिसकर्मियों ने विरोध कर रहे लोगों को हटा दिया।

# भाजपा सरकार नौजवानों को नौकरी नहीं देना चाहती : अखिलेश



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भाजपा सरकार नौजवानों को नौकरी नहीं देना चाहती है। उसकी नीयत नौकरी देने की नहीं है। यह आरोप लगाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा दिखावा करने के लिए भर्ती का विज्ञापन निकालती है। छात्र, नौजवान अपने परिवार की गाढ़ी कमाई लगाकर फार्म भरता है। परीक्षा की तैयारी करते हैं। तमाम तरह की कठिनाइयों के बीच परीक्षा देने जाता है। सेन्टर पर पहुंचकर पता चलता है पेपर लीक हो गया। सरकार जानबूझकर पेपर लीक कराती है। पेपर छपाई से लेकर वितरण और परीक्षा कराने तक में सरकार के लोग शामिल रहते हैं तो पेपर लीक कैसे हो जाता है? अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार अब तक कोई प्रतियोगी परीक्षा साफ और पारदर्शी तरीके से नहीं करा पायी है। जब 2017 में पहला पेपर लीक हुआ था तभी अगर सख्त कार्रवाई हुई होती तो दुबारा पेपर लीक नहीं होता लेकिन भाजपा सरकार में हर परीक्षा का पेपर लीक हो रहा है। भाजपा ने नौजवानों से नौकरी देने के झूठे वादे किए। भाजपा सरकार ने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया। अखिलेश ने कहा कि निवेश के नाम पर भाजपा सरकार झूठे दावा करती है। दिखावा करने के लिए इन्वेस्टर समिट और ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी की जाती है। लेकिन जमीन पर कोई निवेश नहीं दिखाई देता है। भाजपा सरकार में नौजवानों के लिए न नौकरी है और न रोजगार है। गांव- गांव में 90 फीसदी पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार है। दुनिया में पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था का दावा करने वाली भाजपा सरकार में नौजवानों के लिए काम नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। किसान अपनी मांगों को लेकर आन्दोलन कर रहा है। भाजपा किसानों, नौजवानों और पीड़ित, गरीब जनता की आवाज दबाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर रही है। भाजपा सरकार के अलोकतांत्रिक रवैये से परेशान जनता 24 के लोकसभा चुनाव में उसका पूरी तरह सफाया कर देगी।

## ज्योतिष शास्त्र को व्यापार नहीं बनाना चाहिए : लक्ष्मी नारायण चौधरी

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिलों के मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि ज्योतिष शास्त्र को व्यापार नहीं बनाना चाहिए। ज्योतिष का सम्बन्ध जबतक कर्मकाण्ड और धर्म से नहीं होगा तब तक वह पूर्ण रूप से प्रभावी नहीं होगा। वह सोमवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। तीसरे दिन भी शोधकर्ताओं के द्वारा पंचांग की एकरूपता पर बल दिया गया और इसके अतिरिक्त हृदयरोग, जात कर्म पद्धति, ज्योतिष और आयुर्वेद, रोग विचार, उदर रोग विचार और विवाह विचार आदि विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किये गये। विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति आर. एन. पाण्डेय ने कहा कि जो पिण्ड में है वही ब्रह्माण्ड में है। सूर्य सिद्धान्त में बीज संस्कार करते हुये ग्रहों की अद्यतन स्थिति लानी चाहिये।

# राज्यसभा चुनाव : जनसत्ता दल का वोट भाजपा को

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर होने वाला राज्यसभा का चुनाव अपने अंतिम पड़ाव पर है। मतदान से पूर्व चुनाव मैदान में उतरी भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच अपने-अपने सभी उम्मीदवारों को जिताने की कवायद होगी। इन सब के बीच सोमवार को लोकभवन पहुंचे जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने पहुंचकर अपने दल का वोट किस पार्टी को जाने वाला है, इसकी स्थिति साफ कर दी। रघुराज प्रताप सिंह ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि राज्यसभा चुनाव में वह भाजपा के साथ हैं। जनसत्ता दल के स्थिति स्पष्ट करते ही लगभग सपा के तीन उम्मीदवारों का जीतना नामुकिन लग रहा है। वहीं भाजपा के आठवें उम्मीदवार संजय सेठ की जीत भी पक्की दिख रही है। इसमें निषाद पार्टी, सुभासपा और रालोद के सभी विधायक पहले ही भाजपा के साथ हैं। ऐसे में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की रणनीति पूरी तरह से विफल होती दिख रही है।

**सुभासपा प्रमुख ने राजा भैया से की मुलाकात**

उत्तर प्रदेश में मंगलवार को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासत जोरों पर है। 10 सीटों पर 11 प्रत्याशियों के उतरने से मुकाबला बहुत रोचक हो गया है। भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी छोटे दलों को अपने पाले में लाने के लिए जबरदस्त तरीके से जुटी हैं। इस बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर ने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के मुखिया व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से मुलाकात की है। राजा भैया और बाबागंज विधायक विनोद सरोज को मिलाकर दो विधायक हैं। जनसत्ता दल के यह दोनों ही वोट काफी अहम हैं।

## रालोद विधायक सीएम से मिले, राज्यसभा चुनाव में दिया साथ का भरोसा

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर सोमवार को राज्यसभा चुनाव से एक दिन पूर्व पार्टी के सभी विधायकों ने लखनऊ पहुंचे। रालोद के सभी नौ विधायक राजपाल बालियान के बहुखंडी स्थित मंत्री आवास पर पहुंचे। सभी ने बैठक की और पार्टी अध्यक्ष के निर्देश पर एकमत होकर राज्यसभा में अपना मतदान करने की रणनीति बनाई। राज्यसभा की उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर मंगलवार को मतदान होगा। मतदान से पूर्व आज एनडीए के गठबंधन में हाल ही आई रालोद के विधायकों ने एक बैठक की। बैठक के दौरान रालोद के सभी नौ विधायकों ने पार्टी अध्यक्ष के निर्णय को लेकर एकमत होकर मतदान करने की चर्चा की। सीएम योगी से मुलाकात के बाद साफ हो गया है कि राज्यसभा में भाजपा के पक्ष में रालोद विधायक वोटिंग करेंगे। विधायक एकमत होकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्णय के साथ संकल्पित है।

# 54 हजार किसानों को सोलर पंप देगी डबल इंजन सरकार

- यूपी के 18 मंडलों के किसान कर सकेंगे आवेदन, 27 से छह-छह मंडलों के किसानों को करना होगा आवेदन



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** पीएम कुसुम योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश के 54 हजार से अधिक किसानों को डबल इंजन की सरकार की तरफ से सोलर पंप उपलब्ध कराया जाएगा। यूपी के सभी 18 मंडलों के किसानों को इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। 27 से 29 फरवरी के मध्य छह-छह मंडलों के किसानों की तरफ से आवेदन प्रारंभ किया जाएगा। 9 प्रकार के सोलर पंपों पर केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अनुदान का लाभ पाकर किसान इसे खरीद सकते हैं। योजना का लाभ उठाने वाले किसानों का विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण अनिवार्य है। सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग के लिए www.agriculture.up.gov.in पर अनुदान पर सोलर पंप हेतु बुकिंग लिंक पर जाकर आवेदन करना होगा। इसके साथ ही किसानों को पांच हजार रुपये टोकन मनी भी ऑनलाइन जमा करना होगा।

**27 से शुरू होगा ऑनलाइन आवेदन**

वर्ष 2024-25 के लिए पीएम कुसुम योजनान्तर्गत किसान 27 फरवरी से निरंतर आवेदन कर सकते हैं। तीन अलग-अलग दिनों से किसान आवेदन प्रारंभ कर सकते हैं। 27 फरवरी से चित्रकूट धाम, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, बरेली व कानपुर मंडलों के अंतर्गत आने वाले जिलों के किसान दोपहर 12 बजे से निरंतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी से सहारनपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, लखनऊ, मीरजापुर व बस्ती मंडलों से जुड़े समस्त जनपदों के किसान आवेदन प्रारंभ कर सकते हैं, वहीं आगरा, झांसी, अलीगढ़, गोरखपुर, आजमगढ़ व देवीपाटन मंडल के किसानों के लिए यह प्रक्रिया 29 फरवरी से प्रारंभ होगी।

### नौ प्रकार के सोलर पंपों पर किसानों को मिलेगा अनुदान

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उप्र के 54 हजार किसानों को डबल इंजन की सरकार नौ प्रकार के सोलर पंपों पर अनुदान देगी। दो एचपी डीसी व एसी सरफेस पंप का मूल्य 1,71,716 रुपये हैं। राज्य सरकार इस पर 59,291 व केंद्र सरकार 43,739 रुपये अनुदान देगी। कुल 1,03,030 रुपये का अनुदान डबल इंजन की सरकार की ओर से किसानों को प्राप्त होगा। किसानों को टोकन मनी पांच हजार रुपये ऑनलाइन आवेदन के समय देना होगा। शेष किसानों 63,686 रुपये देना होगा। दो एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप का मूल्य 1,74,541 रुपये है। राज्य सरकार इस पर 60,986 व केंद्र सरकार 43,739 रुपये अनुदान देगी।

### 3 से 10 एचपी के सबमर्सिबल पंप पर भी मिलेगा अनुदान

इसके साथ ही डबल इंजन सरकार की ओर से तीन से 10 एचपी सबमर्सिबल पंप पर भी किसानों को अनुदान दिया जाएगा। तीन एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर योगी सरकार 82,476 व केंद्र सरकार 57,157 रुपये अनुदान देगी। किसानों को कुल 1,39, 633 रुपये का अनुदान मिलेगा। तीन एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर योगी सरकार 81,110 व केंद्र सरकार 57,157 रुपये अनुदान देगी। किसानों को इस पर कुल 1,38,267 रुपये का अनुदान मिलेगा। पांच एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर राज्य सरकार 1,08,449 व केंद्र सरकार 88050 रुपये का अनुदान मिलेगा यानी किसानों को कुल 1,96,499 रुपये का लाभ मिलेगा। 7.5 व 10 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,47,114 रुपये का अनुदान प्रदेश व 1,19,342 रुपये का अनुदान केंद्र सरकार देगी। इन दोनों पंप पर किसानों को कुल 2,66,456 रुपये का अनुदान प्राप्त होगा।

# विपरीत समय में स्वयंसेवक समाज व राष्ट्र की करते हैं रक्षाः अजय

**बहराइच(स्पष्ट आवाज)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर सहित जनपद के विभिन्न विकास खंडो में शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा संगम के तहत बहराइच नगर के विभिन्न बस्तियो एवं विकासखंड क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाली सभी शाखाएं एक स्थान पर लगाई गई। बहराइच नगर में किसान पीजी कॉलेज में आयोजित शाखा संगम कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए जिला प्रचारक अजय ने कहा कि संघ की शाखा के माध्यम से व्यक्तित्व का निर्माण होता है, संघ की शाखा से निकले स्वयंसेवक समाज के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र भावना के साथ भारत माता को परम वैभव के शिखर पर पहुंचने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संकट





के समय विपरीत परिस्थितियों में संघ के स्वयंसेवक अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर समाज एवं राष्ट्र रक्षा का कार्य करते हैं यह सीख स्वयंसेवकों के अंदर नियमित लगने वाली संघ की शाखा से ही उत्पन्न होती है। इसी क्रम मे विशेश्वरगंज खंड के गंगवल बाजार मे शाखा संगम कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग संघचालक कृष्णानंद, कैसरगंज खंड में जिला संघचालक वासुदेव का उद्बोधन स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ। जरवल खंड अंतर्गत अट्ठाईसा में लगी शाखा को भी जिला प्रचारक अजय ने सम्बोधित किया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री संजय राव, लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता,नगर कार्यवाहक दीपक, राजेश श्रीवास्तव, अमरनाथ विश्वकर्मा, अवध बिहारी, विष्णु पाल, रणंजय,छैल बिहारी, राहुल, सुधीर सिंह समेत अन्य स्वयंसेवक रहे। हुजूरपुर खंड स्थित रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संघचालक डॉ मनोज , तेजवापुर खंड के ग्राम बेड़नापुर में जिला कार्यवाह भूपेंद्र ,महसी खंड के ग्राम वैकुंठा में विभाग बौद्धिक प्रमुख अशोक, चितौरा खंड में कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला शारीरिक एवं प्रशिक्षण प्रमुख शिवम व फखरपुर स्थित रामलीला मैदान मे आयोजित शाखा संगम मे सह जिला कार्यवाह अंकुश ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया।शाखा संगम कार्यक्रम में नगर संघचालक डॉ गोविंद शेखर ,सह नगर संघ चालक कमल शेखर,अतुल गौड़ सहित सभी खण्डो के खंड कार्यवाह धर्मेंद्र ,अशोक, विवेक ,सुधीर ,मोहित वरुण, अभिषेक, टीकाराम ,अमर सौरभ ,सहित खण्ड सह सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## खंभों पर होर्डिंग्स व बैनर लगाने पर लगेगा अर्थदंड

**बहराइच( स्पष्ट आवाज)।** नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थापित स्ट्रीट लाईट पोलों पर नगरपालिका परिषद, बहराइच द्वारा तिरंगा लाईटें लगायी गई है। ईओ ने बताया कि स्ट्रीट लाईट पोलों पर जनसामान्य, विभिन्न फर्मों, एजेन्सियों एवं संगठनों द्वारा होर्डिंग्स एवं बैनर लगाने से प्रायः तिरंगा लाईटें खराब हो जाता है। अधि.अधि. नगर पालिका परिषद ने बताया कि नगर पालिका परिषद बहराइच क्षेत्रान्तर्गत स्ट्रीट लाईट पोल पर होर्डिंग्स, बैनर लगाने वाले व्यक्तियों, फर्मों एवं एलेन्सियों से पांच हजार का अर्थ दण्ड वसूल किया जायेगा। ईओ ने नगरवासियों से अपील की है कि स्ट्रीट लाईट पोलों पर किसी प्रकार की होर्डिंग्स, बैनर न लगाये तथा नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## संक्षिप्त आवाज

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

### मारपीट मामले का वारंटी गिरफ्तार

**छतोह,रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज) लगभग 11 वर्ष पहले मारपीट के दर्ज हुए मुकदमे के एक आरोपी के विरुद्ध लगातार हाजिर न होने के कारण न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था। थाना नसीराबाद के प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि वर्ष 2013 में धारा 323/504 आईपीसी के अंतर्गत दर्ज मुकदमे के आरोपी देशराज पुत्र राम नेवाज निवासी ग्राम रायपुर टोड़ी को उप निरीक्षक जागेश्वर नाथ त्रिपाठी ने गिरफ्तार करके न्यायालय की अभिरक्षा में भेजा।

### पीड़िता की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )कोतवाली क्षेत्र के कोरचक मजरे कैर गांव में पारिवारिक विवाद व पुरानी रंजिश के चलते एक महिला को गांव के ही दो लोगों ने गाली गलौज कर लाठी डंडों से मारा पीटा। चोटहिल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनो के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट जैसी गंभीर धाराओं पर मुकदमा पंजीकृत किया। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादिनी कलावती पत्नी स्वर्गीय राम बक्स निवासी ग्राम कोरचक थाना महराजगंज ने कहा है कि 26 /02 /2024 को गांव के ही राकेश यादव पुत्र राम प्रकाश कंचन पत्नी राकेश यादव निवासी कोरचक मजरे कैर पारिवारिक विवाद व पुरानी रंजिश के चलते मुझ प्रार्थीनी से गाली गलौज करने लगे। मना करने पर भद्दी भद्दी गालियां दी व लाठी डंडो से मारा-पीटा। मामले में प्रभारी कोतवाली का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

**बांदा।** काम न मिलने पर किशोर ने पहाड़ पर लगे पेड़ में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के रक्सी गांव निवासी रानू वर्मा उर्फराजबहादुर (15) पुत्र कल्लू वर्मा ने रविवार की दोपहर घर कुछ स्थित पहाड़ में लगे पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने हाईवे पर की ट्रैक्टर परेड

**चित्रकूट।** भाकियू संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर दिल्ली सीमा पर किसानों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ देश भर में किसानों ने नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर परेड कर किसानों के समर्थन में विरोध जताया। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में मऊ तहसील से टोल प्लाजा तक हाईवे पर परेड कर सरकार विरोधी नारे लगाये गये। सोमवार को मंडल सचिव उदयनारायण सिंह, ब्लॉक मंत्री जयनारायण सिंह की अगुवाई में गोसाईपुर से प्रसिद्धपुर तक हाईवे पर ट्रैक्टर परेड कर किसानों के समर्थन में सरकार विरोधी नारे लगाये। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार 13 महीने के आंदोलन को फिर से दोहराना चाहती है। देश मे अब तानाशाही फैल गई है।

## मोटरसाइकिल समेत दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अजय वर्मा पुत्र शिवप्रसाद नि0 कस्बा व थाना बबेरु, अंकित वर्मा पुत्र रामखेलावन नि0 जमुनिया का पुरवा थाना बबेरु है। गौरतलब हो कि तिन्दवारी के रहने वाले रामनरेश द्विवेदी अपनी मोटरसाइकिल सड़क पर खड़ी करके अपने खेत में गये थे। इसी दौरान अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। इस संबंध में थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। सोमवार को तिन्दवारी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर तिन्दवारी-बबेरु मार्ग क्योटरा पुलिया के पास से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई होण्डा मोटरसाइकिल, 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर बरामद किया गया है। इनके खिलाफ मु0अ0सं0 36/24 धारा 379/411 आईपीसी थाना तिन्दवारी व मु0अ0सं0 37/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना तिन्दवारी अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष तिन्दवारी कौशल सिंह, उ0नि0 रमाशंकर सिंह, कां0 रोहित यादव शामिल हैं।

## निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी पुरस्कृत

● **विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर किया गया पुरस्कृत**

**रायबरेली ।** (स्पष्ट आवाज) अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल द्वारा एपीओ प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में 2047 के विकसित भारत का विकसित रेलवे विषय पर आयोजित भाषण निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में नगर के बैसवारा इंटर कॉलेज के लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें से हर प्रतियोगिता में तीन तीन सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को चयनित किया गया था। सोमवार को रेलवे स्टेशन लालगंज पर आयोजित परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह में इन विद्यार्थियों को कार्यक्रम



के अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र व मेडल देकर नोडल अधिकारी प्रभात कुमार सिंह ने पुरस्कृत करवाया। पुरस्कार पाने वाले बच्चों में आयुष्मान त्रिवेदी, आदेश श्रीवास्तव, विनायक द्विवेदी, अपर्णा यादव, तैबा खातून, सृष्टि सिंह, शमा श्रीवास्तव, आकृति सिंह एवं मयंक गौड़ आदि शामिल थे। इसी के साथ मंच पर अद्भुत योगासनों का प्रदर्शन करने वाले बच्चों हृदयांश, देवांशी, पायल और आर्यन को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन बाल योगियों के अद्भुत प्रदर्शन पर नगर अध्यक्ष सरिता गुप्ता तथा लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने नक़द पुरस्कार भी दिया।

# न्याय पंचायतों में सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**छतोह, रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज) सोमवार को अमेठी संसदीय क्षेत्र के छतोह ब्लाक की न्याय पंचायत अशरफ पुर, कांटा और बारा में सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न होने के साथ न्याय पंचायत स्तरीय खेलों का समापन हो गया। अशरफपुर न्याय पंचायत के खेलों का शुभारंभ भाजपा के जिला मंत्री राघवेन्द्र पांडेय ने मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार पासी की मौजूदगी में किया।16 से 30 वर्ष की महिलाओं में सौ मीटर की दौड़ में अनुष्का प्रथम,पारुल द्वितीय और तस्लीमुन तीसरे स्थान पर रहीं ।
लम्बी कूद में अनुष्का प्रथम, जूही द्वितीय और अनुवेशा तृतीय स्थान पर रहीं। रस्सा कसी में लहेंगा ने कोलवा की टीम को हराया। लंबी कूद में नेहा सिंह प्रथम ,खुशबू द्वितीय, लक्ष्मी सिंह तीसरे स्थान पर रहीं। रस्सी कूद में साक्षी प्रथम, कोमल द्वितीय तथा शीतल ने तृतीय





स्थान हासिल किया। इसके अलावा 30 से 50 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में चंद्रकला प्रथम, शीला द्वितीय, सुनीता तृतीय स्थान पर, नींबू दौड़ में श्रीमती प्रथम,उर्मिला द्वितीय और कलावती तीसरे स्थान पर तथा कुर्सी दौड़ में श्याम कली प्रथम, गुड्डा दूसरे और नीतू तीसरे स्थान पर रहीं। मटका फोड़ में आशा ने प्रथम,अनीता ने द्वितीय और सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी में अशरफपुर की टीम ने लहेंगा को हराया।
शुभम तिवारी की देखरेख में जू.हाई स्कूल कांटा के मैदान में संपन्न बनी न्याय पंचायत की प्रतियोगिता के 16 से 30 वर्ष आयु वर्ग में रस्साकसी में काजीपुर तेलियानी की टीम विजयी हुई। रस्सीकूद में अर्पिता प्रथम, ज्योति द्वितीय, सविता तृतीय, 100 मीटर दौड़ में ज्योति प्रथम, प्रिया द्वितीय और बबली तृतीय स्थान पर रहीं। मटका फोड़ में उर्मिला प्रथम, राजपति द्वितीय और निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की रस्साकसी में काजीपुर तेलियानी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नींबू दौड़ में शांति प्रथम,मनोरमा दूसरे,गेंदाऊ तीसरे स्थान पर, कुर्सी दौड़ में रेनू प्रथम,गीता द्वितीय और नीरज तृतीय, पैदल चाल 200 मीटर में आकांक्षा प्रथम, सुष्मिता द्वितीय, मनोरमा तृतीय स्थान पर रहीं।
बारा न्याय पंचायत का खेल निनावां मैदान में संपन्न कराया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि छतोह व भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष विशाल सिंह व सुनील तिवारी, गोलू सिंह, अंकेश सिंह, देवेश सिंह ने सभी विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को सांसद स्मृति ईरानी के द्वारा भेजा गया प्रमाण पत्र व पुरस्कार स्वरूप पर्स दिया गया। प्रथम, द्वितीय व तीसरे स्थान पर आने वाली महिलाओं को सांसद के द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम में फिर से पुरस्कृत किया जाएगा।

# घायल बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**खीरो,रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज)थाना क्षेत्र के गांव अतरहर गांव में सोमवार को दरवाजे खड़ा लोडर चारपाई को तोड़ता हुआ दीवार से टकरा गया। जिससे दरवाजे चारपाई पर बैठे असद (5) उसकी बहन अनाया (4) व उसके मामा सद्दाम सहित तीन लोग घायल हो गए । परिजनों ने घायल अनाया को सीएचसी खीरों पहुंचाया । जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । अस्पताल से घटना की सूचना मिलने पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । परिजनों ने किसी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने से मना कर दिया है। जानकारी के अनुसार अतरहर निवासी मुस्ताक के दरवाजे सोमवार को सुबह लगभग 8 बजे उसका बेटा सद्दाम , बेटी की पुत्री अनाया 4 वर्ष ,असद 5 वर्ष चारपाई पर बैठकर चाय पी रहे थे । जबकि कुछ बच्चे दरवाजे खड़े लोडर में खेल रहे थे । इसी दौरान किसी बच्चे ने लोडर को स्टार्ट कर दिया । जिससे लोडर चारपाई को तोड़ते हुए दीवार से टकरा गया । जिससे अनाया लोडर के नीचे दब गयी । जबकि सद्दाम व असद लोडर की टक्कर से दूर जा गिरे । आसपास मौजूद लोगों ने घायल सद्दाम व असद का प्राइवेट इलाज कराया । जबकि गंभीर रूप से घायल अनाया को सीएचसी खीरों पहुंचाया । जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । अनाया की मौत की खबर लगते ही मां नसरीन , भाई आदिल 11 वर्ष , जैनिब 9 वर्ष , जुनेद 7 वर्ष , असद 5 वर्ष , नाना मुस्ताक ,मामा सद्दाम सहित सभी परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है । थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

## एसडीएम पंकज वर्मा ने संभाला मानिकपुर का कार्यभार

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिला मुख्यालय में रहे एसडीएम पंकज वर्मा ने मानिकपुर तहसील के एसडीएम बतौर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शासन की मंशानुसार गरीबों के कार्य प्राथमिकता से किये जायेंगे। सोमवार को एसडीएम पंकज वर्मा ने मानिकपुर तहसील का कार्यभार ग्रहण करते हुए बताया कि मानिकपुर तहसील पिछडी तहसील है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, राप्ती नहर निर्माण खण्ड-2 तुलसीपुर, बलरामपुर

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-05/अधि0अभि0/2023-24**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निक्ल बिड एवं प्राईस-बिड/ फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 28.02.2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 04.03.2024 को अपरान्ह 13:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निक्ल बिड दिनांक 04.03.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, राप्ती नहर निर्माण खण्ड-2 तुलसीपुर बलरामपुर के कार्यालय में निर्धारित समिति द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी।

| लाट संख्या | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | मात्रा | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 + स्टेशनरी चार्ज | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद बलरामपुर में महुआ माइनर के किमी0 0.496 पर हेड रेगुलेटर के निर्माण का कार्य। | 32.50 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 3.25 | 45 दिन | 300.00 + 54.00 | "बी" एवं उच्च |
| 2 | जनपद बलरामपुर में चयपुरवा माइनर के किमी0 1.100 पर हेड रेगुलेटर के निर्माण का कार्य। | 32.00 | | 3..2 | 45 दिन | 300.00 + 54.00 | "बी" एवं उच्च |

निविदा/बिड से सम्बन्धित समस्त विवरण/शर्तें आदि सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://upgov.nic.in/, ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट http://information.up.nic.in/ तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://irrigation.up.nic.in/ पर भी उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता,
राप्ती नहर निर्माण खण्ड-2,
तुलसीपुर, बलरामपुर

उ0प्र0-204451 दिनांक-26.02.2024
E-mail: upinformation@nic.in, website: www.upidadv.gov.in


# जमीन से जुड़े नेता है बाबू वीर भानु प्रताप सिंह

● **कद्दावर नेता की आज के समय में महती आवश्यकता**

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता आजीवन पार्टी के नैतिक मूल्यों के प्रति आस्था एवं समर्पित अंबेडकर नगर जिले के मूल निवासी बाबू वीर भानु प्रताप सिंह ने हमेशा पार्टी के निष्ठावान सिपाही के रूप में कार्य करके यह साबित कर दिया कि पार्टी को उनके जैसे कद्दावर नेता की आज के समय मे महती आवश्यकता। आगामी 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए 54 लोकसभा अयोध्या जिले से सबसे मजबूत और प्रभावी लोक सभा के प्रत्याशी के रूप में उनका नाम उभरकर स्थानीय जनता की आवाज बन रहा है। वर्ष 1973 से विद्यार्थी



परिषद का झंडा उठाने वाले श्री सिंह ने पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर रहकर जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया है। फैजाबाद अंबेडकर नगर संयुक्त रूप से भाजपा एम एल सी वर्ष 2003 प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके है और संयुक्त जिले के संगठन कई पदो के दायित्व का निर्वहन किया है।श्री सिंह आलापुर विधानसभा अंबेडकर नगर के मूल निवासी हैं और उनकी लोकसभा संत कबीर नगर लोकसभा मेआती है इसलिए वे अयोध्या के साथ साथ संत कबीर नगर से भी अपनी लोकसभा के 2024 के लिए उम्मीदवार की दावेदारी शीर्षस्थ नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किया है। जिनके चुनाव मैदान में आने से अयोध्या धाम सहित पड़ोसी जिलों की पूर्वांचल की कई सीटे आसानी से भाजपा की झोली में आजाएगी ऐसा स्थानीय जनता का मानना है अभी तक के उम्मीदवारों में से सबसे सशक्त उम्मीदवार माने जाने वाले श्री सिंह ने अपने राजनीतिक सफरनामा की एक झलक पार्टी के अपने उच्च पदाधिकारी को भेज कर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। श्री सिंह देश के लोक प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाई जा रही योजनाओं और क्रियाकलाप का आम जनता में प्रचार करने में लगे हुए।

# संत रविदास की जयंती मनाई गई

**महोबा (स्पष्ट आवाज)।** संत रविदास की जयंती के अवसर पर नवीन गल्ला मंडी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति की गरमामयी उपस्थिति रही द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिखारी प्रजापति का फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया द्य जिसमें माँ चन्द्रिका देवी का चित्र दर्पण एवं फरुषा भेंट किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संत रविदास के चित्र पर फूल माला पहनकर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके उपरांत मौजूद मंच पर विश्व हिंदू महासंघ के समस्त प्रकोष्ठ एवं गौरक्षा प्रकोष्ठ पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसी कार्यक्रम में महंत सुधांशु ने महोबा के बारे में कई कथाएं वर्णित की द्य प्रदेश अध्यक्ष ने वीर आल्हा ऊदल की महिमा का बखान करते हुये महोबा गुरु गोरखनाथ जी के तपोभूमि के बारे में एवं बुंदेलखंड के वीर आल्हा ऊदल के वचपन की वीर कथाये एवं भारत सम्राट



के अंतिम हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, कृष्णभक्त मीराबाई व संत रविदास के जीवन की अनेक कथाएं वर्णन करते हुये छुआछूत ऊँच नीच की परममपरा को छोड़ने एवं संगठित होकर चलने के बारे में पुनः संगठित होने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि अपना जीवन भलाई में यदि लगाया जाए तो समाज का हित कल्याण अवश्य होगा द्य यदि हम लोग बिखरे रहेंगे तो समाज को फिर से बाहरी आक्रांताओं द्वारा लूटपाट और खंड-खंड करने में देर नहीं लगेगी द्य हमें और आपको जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्र के हित एवं कल्याण हेत केवल और केवल हिंदुत्व का ध्यान देना चाहिए।

# टीएलएम मेले का हुआ आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज)न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ़ हायर एजूकेशन सलेथू महराजगंज रायबरेली में डी.एल.एड. 2023 बैच के प्रशिक्षुओं द्वारा टी.एल.एम. मेले का आयोजन किया गया ।जिसके मुख्य अतिथि राजीव सिंह प्रधानाचार्य रहे ।मुख्य अतिथि तथा प्राचार्य डॉ. शिव ओम श्रीवास्तव एवं डी.एल.एड. प्राचार्य धीरेंद्र सिंह अन्य प्राध्यापकों ने मां सरस्वती का पूजन करने के पश्चात् निरीक्षण कार्य किया। इस मेले में सात ग्रुप बनाए गए, जिसमें सभी प्रशिक्षुओं ने अलग-अलग प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया। जिसमें अब्दुल कलाम ग्रुप के द्वारा स्मार्ट विलेज, सावित्रीबाई फुले ग्रुप द्वारा सर्व शिक्षा अभियान ,हरगोविंद खुराना ग्रुप द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग ,एडिशन ग्रुप द्वारा सर्व शिक्षा अभियान तथा हक ग्रुप द्वारा वॉटर डिस्पेंसर बनाया गया । मुख्य अतिथि ने छात्रों के कार्य की प्रशंसा की ।मॉडल बनाने में प्राध्यापक उदय सिंह , डॉ.रश्मि श्रीवास्तव व अनुभव त्रिपाठी का योगदान सर्वोपरि रहा ।इस अवसर पर डॉ.अरुण







चौधरी,गौरव मिश्रा, जे सी श्रीवास्तव,खुशबू सिंह , सौरभ कुमार ,प्रमोद कुमार ,प्रवीण कुमार शर्मा आदि अध्यापक उपस्थित रहे ।

# जुआ खेलते तीन को दबोचा

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा इंद्रजीत गौतम की टीम ने तीन जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। सोमवार को मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने छापेमारी कर प्रकाश रैदास पुत्र शिवमोहन होडिया पुरवा, बबली कहार पुत्र प्रहलादी व अनुराग सिंह पटेल पुत्र शिवप्रसाद को ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाते जुआ खेलते दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से चार हजार व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी में 15 सौ रुपये बरामद किये हैं। जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## भारतीय किसान यूनियन ने टोल प्लाजा पर किया प्रदर्शन

**महोबा (स्पष्ट आवाज)।** भाकियू ने अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। भारतीय किसान यूनियन के द्वारा 15 सूत्रीय मांगों को लेकर बम्होरी कुर्मिन टोल प्लाजा पर जय जवान जय किसान के नारों के साथ धरना प्रदर्शन किया गया। सोमवार को महोबकंठ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत किसानों ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामखिलावन शुक्ला द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन महोबकंठ थाना के उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय को सौंपा गया।


## कार्यालय नगर पंचायत खीरी जनपद - खीरी (उ0प्र0) 262702

पत्रांक : 355/न0प0 खीरी/ई-निविदा-सूचना/2023-24 दिनांक : 26 फरवरी 2024

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खीरी द्वारा सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्नलिखित निर्माण कार्य कराने हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से दिनांक-28.02.2024 से दिनांक 06.03.2024 समय - 11:00 बजे पूर्वाह्न तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिनके निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो निर्धारित समयान्तर्गत डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं, तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक- 07.03.2024 को समय 03:00 बजे अपराह्न टेण्डर कमेटी द्वारा खोला जाएगा, अगर किसी कारणवश कोई अवकाश पड़ जाता है या कार्यालय बन्द होता है तो अगले कार्य दिवस में उसी समय निविदाएं खोली जाएंगी।

**नोट :** कार्यों का विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित आवश्यक नियम व शर्तें वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खीरी
जनपद-खीरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत खीरी
जनपद-खीरी

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सीतापुर

पत्रांक : 755/ई-टेण्डर नोटिस/2023-2024 दिनांक : 21-02-2024

**ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, सीतापुर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी-ए, बी, सी, डी, अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | विधान सभा | कार्य का नाम | निर्माण की लागत (लाख में) | अनुरक्षण की लागत (लाख में) | कार्य की लागत+ अनुरक्षण की लागत का योग (लाख में) | धरोहर धनराशि लागत (लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधि अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | सीतापुर | स्वेता | हरिहरपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 17.44 | 1.31 | 18.75 | 1.88 | 2354.00 | 2 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, सीतापुर | अधीक्षण अभियन्ता, सीतापुर/ खीरी वृत्त, लो.नि.वि. सीतापुर | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है। बिड डाक्यूमेंट की धनराशि (निविदा शुल्क) कॉलम-9 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा। निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी। बिड डाक्यूमेंट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कॉलम-8 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा। निविदा आनलाइन दिनांक 29.02.2024 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 08.03.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 08.03.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(एम0के0 वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सीतापुर

उ0प्र0-204512 दिनांक-26.02.2024
E-mail: upinformation@nic.in, website: www.upidadv.gov.in

SA NEWS **स्पष्ट आवाज़**
लखनऊ, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024
विक्रम संवत 2080, माघ मास, तृतीया (कृष्ण पक्ष)



दोस्तों के बिना कोई भी जीना नहीं चाहेगा, चाहे उसके पास बाकि सब कुछ हो।
अरस्तु

# राहुल का एजेंडा और भाजपा की तैयारी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले साल के विधानसभा चुनावों में उठाए अपने एजेंडे से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा का फोकस पिछड़े, दलित और आदिवासियों के ऊपर रहा है। वे बार बार यह सवाल उठा रहे हैं कि भारत में शासन चलाने में इन समुदायों की क्या भूमिका है। इसे वे ऐसे तरीके से पूछ रहे हैं, जिसके लिए उनकी आलोचना भी हो रही है। जैसे उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर में पत्रकारों से पूछा कि उनके चैनल या अखबार का मालिक कौन है? क्या कोई दलित या पिछड़ा या आदिवासी मालिक है? इस दौरान उनसे सवाल पूछ रहे एक पत्रकार के साथ कांग्रेस के कुछ अति उत्साही कार्यकर्ताओं ने मारपीट भी की।

राहुल गांधी पत्रकारों से इसी तरह का सवाल एआईसीसी मुख्यालय में भी कर चुके हैं। उन्होंने पूछा था कि प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद कितने पत्रकार पिछड़ी जाति से या दलित समुदाय से हैं। तब भी इसकी आलोचना हुई थी। लेकिन वे इस मुद्दे को नहीं छोड़ रहे हैं। वे बता रहे हैं कि भारत सरकार ने 90 सचिवों में से सिर्फ तीन ओबीसी हैं। उन्होंने अब यह भी कहना शुरू किया है कि देश की बड़ी कंपनियों में किसी कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी या शीर्ष अधिकारी पिछड़े, दलित या आदिवासी समाज का नहीं है।

राहुल गांधी पत्रकारों से इसी तरह का सवाल एआईसीसी मुख्यालय में भी कर चुके हैं। उन्होंने पूछा था कि प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद कितने पत्रकार पिछड़ी जाति से या दलित समुदाय से हैं। तब भी इसकी आलोचना हुई थी। लेकिन वे इस मुद्दे को नहीं छोड़ रहे हैं। वे बता रहे हैं कि भारत सरकार ने 90 सचिवों में से सिर्फ तीन ओबीसी हैं। उन्होंने अब यह भी कहना शुरू किया है कि देश की बड़ी कंपनियों में किसी कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी या शीर्ष अधिकारी पिछड़े, दलित या आदिवासी समाज का नहीं है। अपनी बात को प्रमाणित करने के लिए राहुल यह भी पूछ रहे हैं कि राममंदिर के उद्घाटन में अंबानी, अडानी तो बुलाए गए लेकिन किसी पिछड़े, दलित या आदिवासी को क्यों नहीं बुलाया गया? इसके आगे वे जाति गणना कराने और आरक्षण बढ़ाने की जरुरत बता रहे हैं। भाजपा को उनकी इस रणनीति के चलते नुकसान की आशंका सता रही है। जानकार सूत्रों का कहना है कि तभी भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति में कुछ बदलाव किया है। कहा जा रहा है कि भाजपा लोकसभा के चुनाव प्रचार में हर जगह सिर्फ मंदिर का मुद्दा नहीं उठाएगी। मंदिर के साथ साथ वह लाभार्थी का जिक्र करेगी। लेकिन उससे बड़ी बात यह बताई जा रही है कि भाजपा ने तय किया है कि दलित या आदिवासी बहुल इलाकों में मंदिर की बजाय सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र ज्यादा होगा। इसका मतलब है कि भाजपा को लग रहा है कि मंदिर का मुद्दा दलित और आदिवासी समुदाय में बहुत ज्यादा अपील नहीं करेगा। इसके उलट राहुल गांधी की बातें ज्यादा अपील कर सकती हैं।

## आज का इतिहास

1594 - हेनरी चतुर्थ फ्रांस का राजा बने।
1700 - विलियम डैम्पियर द्वारा पश्चिमी प्रशांत में नए ब्रिटेन के द्वीप की खोज की गई।
1816 - डचों ने नेपोलियन की हार के बाद फ्रांस से पुन~ सुरीनाम वापस ले लिया।
1829 - तारकी की लड़ाई हुई थी।
1870 - जापान के वर्तमान झंडे को पहली बार जापानी व्यापारी जहाजों के लिए राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था।
1874 - पहली बार बेसबॉल लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड में खेला गया।
1900 - एफसी बेयर्न म्यूनिख, जर्मनी का सबसे सफल फुटबॉल क्लब, फ्रांज जॉन के नेतृत्व में ग्यारह खिलाड़ियों द्वारा किया गया था।
1902 - अमेरिकी लेखक जॉन स्टाइनबेक का जन्म हुआ था।
1921 - वियना में इंटरनेशनल वर्किंग यूनियन ऑफ सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी।
1933 - बर्लिन की रीचस्टैग इमारत, जर्मन संसद की विधानसभा स्थिति, जर्मनी में नाजी शासन की स्थापना में एक महत्वपूर्ण घटना (चित्र), आग लगा दी गई थी।
1943 - भारतीय राजनीतिज्ञ बी. एस. येदुरप्पा का जन्म हुआ था।
1951 - अमेरिकी संविधान में 22वें संशोधन के तहत राष्ट्रपति के लिए दो कार्यकाल सीमित किये गये थे।
1956 - लोकसभा के पहले स्पीकर जी. वी. मावलंकर का निधन हुआ था।
1982 - गिल्बर्ट और सुलिवन के सावॉय ओपेरा के प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली डी ऑली कार्टे ओपेरा कंपनी ने अपना अंतिम प्रदर्शन किया था।

# अग्निपथ योजना का विरोध करने वाले लोग सेना के आधुनिकीकरण के दुश्मन हैं

**नीरज कुमार दुबे**

देश इस समय %विकसित भारत% के संकल्प को सिद्ध करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है लेकिन बड़े सुनियोजित तरीके से जनता को इस लक्ष्य से भटकाने की और भारत को पीछे धकेलने की कोशिश की जा रही है। किसानों को बहका कर आंदोलन खड़ा कराने के बाद अब सेना में भर्ती की योजना अग्निपथ पर सवाल उठाकर नौजवानों को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा राहुल गांधी देशभर में घूम-घूमकर समाज में जातिवाद की भावना को उभारने का प्रयास पहले से कर ही रहे हैं। हो सकता है देशवासियों को सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतार कर और देश के संसाधनों को नुकसान पहुँचवा कर विपक्ष के नेताओं के हित सध जायें लेकिन इससे देश वो सब कुछ खो देगा जो पिछले 10 सालों में कड़ी मेहनत से अर्जित किया गया है। सत्ता की लालसा या महत्वाकांक्षा होना जायज है लेकिन देश के हितों की बलि देकर कुर्सी तक पहुँचने की योजना देश के लिए घातक है। हम आपको याद दिला दें कि सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ जब पेश की गई थी तब भी विपक्ष ने इसके बारे में भ्रम और अफवाहें फैला कर देश को अशांति की आग में झोंक दिया था। लगता है वैसा ही कुछ एक बार फिर करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि अग्निपथ योजना के बारे में सेना और सरकार युवाओं के भ्रम और इस योजना की विसंगतियां दूर कर इसे दुनिया की सबसे पारदर्शी और उत्कृष्ट भर्ती नीति बना चुकी है। इस नीति से युवा कितने खुश हैं इसका अंदाजा तभी लग गया था जब तीनों सेनाओं में आवेदनों के पुराने सभी रिकॉर्ड टूट गये थे। जो लोग कह रहे हैं कि चार साल की सेवा के बाद नौजवान को फिर से नौकरी की खोज करनी होगी, दरअसल उन्हें पता ही नहीं है कि सरकार और निजी क्षेत्र ने अग्निवीरों के लिए क्या-क्या प्रबंध किये हैं।देखा जाये तो अग्निपथ योजना का विरोध करने वाले हमारी सेना के आधुनिकीकरण के भी दुश्मन हैं। इसे उदाहरण के जरिये समझना है तो देखिये कि आज के दौर में बड़े-बड़े महारथियों को युद्ध क्षेत्र में एक एक दिन गुजारना भारी पड़ रहा है। सैन्य रूप से ताकतवर देशों में शुमार रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू किया मगर दो साल बाद भी यूक्रेन को पूरी तरह हरा नहीं पाया है। सर्वाधिक आधुनिक हथियारों से युक्त देश माने जाने वाले इजराइल ने एक आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ अभियान छेड़ा, मगर पांच महीने होने को आये लेकिन इजराइल को जीत नहीं मिली है। भारत में भी कारगिल युद्ध के समय अग्निपथ जैसी भर्ती योजना की आवश्यकता महसूस की गयी थी। लाल सागर में देख लीजिये कैसे हूती विद्रोहियों ने अमेरिका समेत सभी पश्चिमी देशों की नाक में दम कर रखा है।

# परीक्षाओं का मौसम है, पढ़ने के साथ खेलकूद भी जरूरी

**योगेश कुमार गोयल**

दसवीं तथा 12वीं कक्षा की बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। यही वह समय होता है, जब विद्यार्थियों की सालभर की पढ़ाई का मूल्यांकन होना होता है। इसी परीक्षा की बदौलत उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए आधार मिलता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि एकाग्रचित्त होकर इन परीक्षाओं की तैयारी की जाए। कुछ छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए अपना कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं कर पाते और लक्ष्य निर्धारित नहीं होने के कारण एकाग्रचित्त होकर परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते। ऐसे में परीक्षा को लेकर उनका चिंतित और तनावग्रस्त होना स्वाभाविक ही है।

किन्तु परीक्षा के दिनों में जरूरत से ज्यादा तनावग्रस्त रहना निश्चित रूप से हानिकारक साबित होता है। तनावग्रस्त रहने के कारण लाख कोशिश के बाद भी पढ़ाई में मन नहीं लग सकता। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि वे शुरू से ही पढ़ाई के प्रति रुचि बनाए रखें। अपना लक्ष्य निर्धारित करें, ताकि ऐसी परिस्थितियां ही उत्पन्न न होने पाएं, जिनके कारण परीक्षा को हौवा मानकर उन्हें तनावग्रस्त रहना पड़े। कुछ छात्र वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में रात-दिन इस कदर जुट जाते हैं कि उन्हें अपने खाने-पीने की भी सुध नहीं रहती। कुछ मामलों में तो स्थिति यह हो जाती है कि खानपान के मामले में निरंतर लापरवाही बरतने के कारण छात्रों का स्वास्थ्य गिरता जाता है, जिसका सीधा-सीधा प्रभाव उनकी स्मरण शक्ति पर पड़ता है और नतीजा, परीक्षा की भरपूर तैयारी के बावजूद उन्हें आशातीत सफलता नहीं मिल पाती। एक छात्र के साथ भी पिछले साल 12वीं की परीक्षा में यही हुआ। वह अपनी कक्षा का होनहार छात्र था और जी-जान से परीक्षा की तैयारी में जुटा था। पढ़ाई में वह इस कदर मग्न था कि उसे अपने खाने-पीने का भी ध्यान न रहता। परिणामस्वरूप उसका स्वास्थ्य गिरता गया और परीक्षा के दिनों में वह बीमार पड़ गया। बीमारी की हालत में ही उसे परीक्षा देनी पड़ी। जब वह परीक्षा देने बैठा, तब शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता की दशा में वह याद किए गए प्रश्नों के उत्तर भी भूल गया। इसका परिणाम यह रहा कि वह कामचलाऊ अंकों से ही परीक्षा उत्तीर्ण कर सका। कहने का तात्पर्य यही है कि परीक्षा के दिनों में खूब मन लगाकर पढ़ाई करना और कड़ी मेहनत करना तो जरूरी है ही लेकिन पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है क्योंकि यदि आपका शरीर ही स्वस्थ नहीं होगा तो आप परीक्षा की तैयारी बेहतर ढंग से मन लगाकर कैसे कर पाएंगे?



यही वह समय होता है, जब विद्यार्थियों की सालभर की पढ़ाई का मूल्यांकन होना होता है। इसी परीक्षा की बदौलत उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए आधार मिलता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि एकाग्रचित्त होकर इन परीक्षाओं की तैयारी की जाए। कुछ छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए अपना कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं कर पाते और लक्ष्य निर्धारित नहीं होने के कारण एकाग्रचित्त होकर परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते।

परीक्षा में सफलता-विफलता को लेकर भी बहुत से छात्र परीक्षाओं के शुरू होने से पहले ही तनावग्रस्त हो जाते हैं और उनके मन में परीक्षा नजदीक आते ही बेचैनी सी छा जाती है। दरअसल कुछ छात्र ऐसे होते हैं, जो पूरे साल का समय तो मौजमस्ती में ही गुजार देते हैं और जब परीक्षाएं नजदीक आती हैं तो परीक्षाओं को हौवा मानकर घबराने लगते हैं। समय सारिणी बनाकर नियमित अध्ययन न करना भी छात्रों के तनावग्रस्त होने का प्रमुख कारण होता है। वैसे प्रायः वही छात्र परीक्षाओं को हौवा मानते हैं, जो सालभर तो मौजमस्ती करते घूमते फिरते हैं और परीक्षाओं के ऐन मौके पर उन्हें किताबों की सुध आती है। तब उन्हें समझ ही नहीं आता कि परीक्षा की तैयारी कैसे और कहां से शुरू की जाए। इसी हड़बड़ी तथा तनाव के चलते अकसर वे परीक्षा में पिछड़ जाते हैं। यदि किसी छात्र ने सालभर नियमित रूप से मन लगाकर पढ़ाई की है तो कोई कारण नहीं, जो परीक्षा से उसे किसी प्रकार का भय सताए। यदि आप समय सारणी बनाकर अध्ययन-मनन करें तो कठिन से कठिन हर विषय भी आपको आसानी से समझ में आ सकता है।

समय सारिणी बनाते समय इसमें केवल अपने मनपसंद विषय को ही वरीयता न दें बल्कि सभी विषयों पर बराबर ध्यान देने का प्रयास करें बल्कि जिस विषय में आप स्वयं को कमजोर पाते हैं, उस पर कुछ ज्यादा ध्यान केन्द्रित करने का प्रयास करें। जो भी कुछ पढ़ें या याद करें, उस पर पूरा ध्यान केन्द्रित करते हुए उसे दोहराते रहें ताकि वह लंबे समय तक याद रह सके। प्रत्येक विषय के संक्षिप्त नोट्स अवश्य बनाएं, जिससे परीक्षा की तैयारी में बहुत मदद मिलेगी। जो विषय अथवा प्रश्न समझ नहीं आ रहा हो, वह अपने शिक्षक अथवा मित्र से पूछने में संकोच न करें। परीक्षा के दिनों में भी पर्याप्त नींद लें। रात-रात भर जागकर पढ़ना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं। जिस दिन आपको परीक्षा देनी है, उस रात भरपूर नींद लें वरना कहीं ऐसा न हो कि परीक्षा देते समय आपको आलस्य सताने लगे और आप चाहकर भी सही ढंग से परीक्षा न दे पाएं। अपनी लिखावट साफ-सुथरी और लिखने की गति तेज बनाएं ताकि प्रश्नपत्र हल करते समय आपको समय की कमी का रोना न रोना पड़े। घर का वातावरण तथा अभिभावकों की सजगता भी वार्षिक परीक्षाओं में छात्रों की सफलता-विफलता का निर्धारण करने में अहम भूमिका निभाती है। परीक्षा की तैयारी के दिनों में छात्र को सर्वाधिक जरूरत होती है अपने अभिभावकों के मोरल सपोर्ट की। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को उचित मार्गदर्शन, सकारात्मक सहयोग और अपेक्षित समय देते हुए प्रोत्साहन भरे दृष्टिकोण से उनका मनोबल बढ़ाएं। अभिभावक उनके खानपान का पूरा ध्यान रखें। मन लगाकर परीक्षाओं की तैयारी करने के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि हर समय किताबों से चिपके रहने के बजाय कुछ समय खेलकूद अथवा मनोरंजन इत्यादि क्रियाकलापों के लिए भी निकालें।

लगातार पढ़ाई करते रहने से मस्तिष्क पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे मानसिक थकान होने के साथ-साथ एकाग्रता भी भंग होती है। इसलिए कई-कई घंटों तक निरन्तर अध्ययन करने के बजाय बीच-बीच में 5-10 मिनट आराम करें और भले ही दिनभर में थोड़े समय के लिए ही सही, मनोरंजन, खेलकूद इत्यादि गतिविधियों में अवश्य हिस्सा लें। मस्तिष्क की एकाग्रता बनाए रखने के लिए व्यायाम एवं योगाभ्यास करना भी जरूरी है।

# भव्य मंदिर निर्भाण के उल्लास को खत्म करने का प्रयास

**प्रवीण गुगनानी**

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के भव्य निर्माण से आनंदित हिंदुओं के उत्साह, उल्लास, उमंग को समाप्त करने के प्रयास हो रहे हैं। राममंदिर के हर्ष से निर्मित देश के प्रसन्नचित्त मानस को खत्म करने का प्रयास हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि अब इटली-रोम संचालित कांग्रेस को हिंदू होने का जज़िया कर दो और देश में दोयम दर्जे का नागरिक कहलाओ।भारत में जज़िया कभी ग्यारहवीं शताब्दी में अलाउद्दीन ख़िलजी ने लगाया था। यह कर केवल हिंदुओं से उनके धर्म निर्वहन हेतु वसूला जाता था। वसूली भी निर्ममता से होती थी। मुग़लकाल के जज़िया कर वसूलने के निर्दयी, रक्तरंजित व दिल दहला देने वाले अंतहीन क़िस्से अब भी हमारे इतिहास में यहां-वहां बिखरे हुए पड़े हैं। मुस्लिम आक्रमणकारियों के शासनकाल में हिंदू व्यक्ति, संस्थान, परंपराओं पर कर लगाये जाते थे और इसका मुख्य उद्देश्य यह होता था कि व्यक्ति स्वयं को देश में दोयम दर्जे का महसूस करके अपमानित हो। मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना इसका उद्देश्य होता था ताकि तंग होकर व्यक्ति या संस्थान अपना धर्म छोड़ दे, धर्मांतरण कर ले या कम से कम अपनी रीति-नीति-पद्धति-परंपरा को तो छोड़ ही दे। यही दुष्कृत्य अब



कांग्रेस सरकार कर रही है। एक ओर उसका तत्कालिक लक्ष्य है कि मंदिरों की आय सरकारी ख़ज़ाने में चली जाये और दूसरी ओर उसका दीर्घकालीन लक्ष्य है कि श्रद्धालु मंदिरों को दान देना ही बंद कर दें। मंदिरों में दान नहीं आएगा तो धर्म का विस्तार नहीं होगा, हिंदुत्व दुर्बल होगा और तब कांग्रेस अपना रोम का मिशनरी एजेंडा चला पाएगी। यह सब आपको राजनीतिक शब्दावली लग सकती है, किंतु सत्य यही है। वस्तुतः यह सब कांग्रेस के डेढ़ सौ वर्षीय हिंदुत्व विरोधी जेनेटिकल स्ट्रक्चर का परिणाम है। रह-रहकर कांग्रेस की यह मुग़ल व एडविना माउंटबैटन की आनुवंशिकी बाहर आती है और हिंदुत्व विरोधी कारनामे करती रहती है। मान लो, कर्नाटक कांग्रेस सरकार के ख़ज़ाने भरने को विवश ये बेबस मंदिर यदि आज ही चर्च या मस्जिद में बदल जाएं तो वो इनसे टैक्स नहीं वसूलेगी। यही तो मुग़लों का भी लक्ष्य था।ख़िलजी और मुग़लों का वो जज़िया कर ही रूपांतरित होकर अब फिर भारत में लौट आया है। इस बार औरंगज़ेब का रूप धरा है कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने! अब वह जज़िया वसूलेगी!! कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने यह तुगलकी फ़रमान जारी किया है। कांग्रेस ने गत सप्ताह कर्नाटक विधान परिषद में च्हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयकज्ज् पेश किया। विधान परिषद में अल्पमत के कारण कांग्रेस इसे पारित नहीं करा पाई है। इस संशोधन विधेयक में प्रस्ताव है कि 10 लाख से अधिक और एक करोड़ रुपये से कम की वार्षिक आय वाले मंदिरों को पांच फीसदी और एक करोड़ रुपये से अधिक की आय वाले मंदिरों को अपनी वार्षिक आय का दस प्रतिशत कर के रूप में राज्य सरकार को देना होगा। मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा दिया जाने वाला चंदा मंदिरों के पुनर्निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने में इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन अगर ये किसी अन्य उद्देश्य से आवंटित किया जाता है तो ये लोगों की आस्था के साथ धोखा होगा। और, यही होने भी वाला है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार अपनी निर्धनता को ढाँकने के लिए हिंदू मंदिरों के चढ़ावे की राशि का उपयोग करना चाह रही है। सबसे बड़ी तानाशाही की बात यह है कि कर्नाटक सरकार केवल हिंदू मंदिरों से टैक्स वसूलने हेतु यह विधयेक लाई है। मस्जिदों और चर्चों को इससे ठीक वैसे ही छूट दी हुई है जैसे मुग़ल औरंगज़ेब और अन्य तुग़लक़ व ख़लिजी जैसे विदेशी आक्रांताओं के समय दी जाती थी। अब कर्नाटक में हिंदू मंदिर जज़िया कर से सरकारी खजाना भरेंगे और मुस्लिम मस्जिदें इस ख़ज़ाने का आनंद लेंगी! कर्नाटक में दो सौ पाँच मंदिरों की आय पच्चीस लाख रुपए प्रतिवर्ष से अधिक है, ये मंदिर ए समूह में रहेंगे और कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को दस प्रतिशत कर देंगे। एक सौ तिरानवे मंदिर की आय पांच से पच्चीस लाख के रुपए के मध्य है; ये मंदिर अपनी आय में से पांच प्रतिशत का हिस्सा कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को देंगे। कांग्रेस सरकार केवल यहीं नहीं रुकने वाली है!

# विपक्ष क्या भ्रष्टाचार का मुद्दा बना पाएगा?

**अजीत द्विवेदी**

भारत में आजादी के बाद से अब तक हुए सत्ता परिवर्तनों में कुछ बातें बहुत कॉमन रही हैं। ऐसा शायद कभी नहीं हुआ है, कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर, कि देश के मतदाताओं ने सकारात्मक रूप से सत्ता परिवर्तन के लिए मतदान किया हो। अच्छे की उम्मीद में या ज्यादा विकास की उम्मीद में मतदान करके सत्ता परिवर्तन की मिसाल नहीं है। राज्यों के स्तर पर जरूर ऐसी कुछ मिसालें हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर संभवत~ एक बार भी ऐसा नहीं हुआ।



लगभग हर बार सत्ता परिवर्तन के लिए किए गए मतदान के पीछे भ्रष्टाचार सबसे कॉमन कारण रहा। उसके बाद महंगाई और फिर सत्ता का दुरुपयोग ये दो कारण रहे। 1977 में इंदिरा गांधी सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों के कारण हारी थीं। लोगों ने संविधान के प्रावधानों का इस्तेमाल करके देश में इमरजेंसी लगाने, विपक्षी नेताओं को जेल में डालने, मीडिया पर सेंसरशिप लागू करने जैसी ज्यादतियों के लिए उनको सजा दी थी। एक बार सजा देने के बाद लोगों ने तीन साल में ही फिर उनकी सत्ता में वापसी भी कराई थी।

इसके अलावा बाकी सत्ता परिवर्तन चाहे वह 1989 का हो या 2014 का वह भ्रष्टाचार और महंगाई के मुद्दे पर हुए थे। 1996 या 1998 में हुए बदलाव को सत्ता परिवर्तन की बजाय सत्ता हस्तांतरण कह सकते हैं। क्योंकि सारी पार्टियां और गठबंधन सीटों की संख्या के लिहाज से आसपास ही थे, जिसने बेहतर गठबंधन किया उसने सरकार बना ली। सत्ता परिवर्तन से उलट सत्ता की निरंतरता हमेशा सकारात्मक रही है। लोग बेहतर की उम्मीद में सत्तारूढ़ गठबंधन की वापसी कराते रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी को भी 13 महीने सरकार चलाने के बाद दूसरा मौका मिला था।

मनमोहन सिंह को भी पांच साल के बाद दूसरा मौका मिला और नरेंद्र मोदी को भी पांच साल के बाद दूसरा मौका मिला है। लगातार तीसरा मौका इस देश में सिर्फ पंडित जवाहरलाल नेहरू को मिला था। तभी यह यक्ष प्रश्न है कि क्या नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे या उन्हें रोकने के लिए कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां भ्रष्टाचार, महंगाई और सत्ता के दुरुपयोग का मुद्दा बना पाएंगी?


इस समय देश में ऐसी स्थितियां मौजूद हैं या ऐसे घटनाक्रम हुए हैं, जिनसे विपक्ष भ्रष्टाचार, महंगाई और सत्ता के दुरुपयोग यानी तीनों का मुद्दा बना सकता है। ध्यान रहे 1975 में इंदिरा गांधी का चुनाव इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस आधार पर खारिज किया था कि उनके निजी सहायक यशपाल कपूर ने अपना इस्तीफा स्वीकार होने से पहले इंदिरा गांधी का चुनाव प्रचार संभाला था। सोचें, यशपाल कपूर ने इस्तीफा दे दिया था और स्वीकार होने से पहले इंदिरा गांधी के चुनाव क्षेत्र में चले गए थे तो इस आधार पर इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द हो गया था!

अभी भाजपा के एक नेता ने, जिसे चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में पीठासीन अधिकारी बनाया गया था उसने विपक्ष के आठ वोट अवैध घोषित करके भाजपा को चार वोट से जीत दिला दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने न सिर्फ गिनती रद्द करके वापस आम आदमी पार्टी का मेयर बनाया है, बल्कि भाजपा के नेता अनिल मसीह पर मुकदमा दर्ज करने को कहा है। यह सत्ता के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष उदाहरण है। ऐसे कई उदाहरण विपक्ष को मिल जाएंगे। विपक्षी नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी, राज्यपालों का मनमाना रवैया, मीडिया पर अघोषित पाबंदी जैसे कई मुद्दे हैं, जिन्हें विपक्ष गाहे-बगाहे उठाता रहता है।

जहां तक भ्रष्टाचार की बात है तो चुनावी बॉन्ड पर आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक नजीर है। सरकार ने चुनावी चंदे के लिए एक ऐसी योजना लागू की थी, जिसमें शून्य पारदर्शिता थी। चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने की योजना में इतनी गोपनीयता थी कि किसी को पता नहीं चल पाता कि किसने बॉन्ड खरीदा, कितने का खरीदा और किसको कितनी राशि दी। इसे धन विधेयक की तरह सिर्फ लोकसभा से पास करके कानून बनाया गया था और सूचना के अधिकार कानून का दायरे से बाहर रखा गया था।

छह साल से यह योजना चल रही थी और इसके जरिए दिए गए 11 हजार करोड़ रुपए के चंदे में से साढ़े छह हजार करोड़ रुपया अकेले भाजपा को मिला था। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संविधान पीठ ने इस कानून को अवैध बताते हुए इसे रद्द कर दिया और इस पर रोक लगा दी। अभी सात जजों की एक पीठ इसे धन विधेयक की तरह पेश किए जाने के मामले की सुनवाई कर रही है।

# क्रिकेट को घर-घर पहुंचाने वाले कमेंट्री के भीष्म पितामह मुरली मनोहर मंजुल



**श्रीधर अग्निहोत्री**

कानपुर का ग्रीनपार्क ..हरा भरा मैदान... पूरी तरह से खचाखच भरा हुआ..सामने चिमनियों से उठता हुआ धुआं.. और इसी बीच कपिल देव पैवेलियन एंड से अपने ओवर की दूसरी गेंद लेकर तैयार..सामने हैं इंग्लैंड के बेहतरीन बल्लेबाज माइक गेटिंग।

कपिल देव ने दौड़ना शुरू किया..एक दो तीन चार पांच छह सात आठ नौ......और उनकी पटकी हुई गेंद को गेटिंग समझ नही सके, वरना बैट का बाहरी किनारा लेकर गेंद विकेट कीपर किरमानी के दास्तानों को चूमने को तैयार थी, भाग्यशाली रहे गेटिंग। नहीं तो, इंग्लैंड का एक और विकेट भारत की झोली में होता।

इस तरह अपने शब्दों से पूरे मैदान का सजीव चित्रण करने वाले हिंदी कमेंटेटर मुरली मनोहर मंजुल का निधन क्रिकेट की अनगिनत यादों को लेकर चला गया। क्रिकेट जैसे विदेशी खेल को अपने लालित्यपूर्ण शब्दों से

स्वदेशी खेल बनाने का काम मुरली मनोहर मंजुल ने अपनी रेडियो कमेंट्री से किया। हॉकी कमेंट्री में भले ही जसदेव सिंह की बराबरी कोई नही कर सकता लेकिन क्रिकेट कमेंट्री में मुरली मनोहर मंजुल के शिखर तक कोई कमेंटेटर कभी नही पहुंच सकता।

जहां अंग्रेजी कमेंट्री में अनंत सीतलवाड़, सुरेश सरैया, जे पी नारायणन, नरोत्तम पुरी में मुकाबला रहता था वहीं हिंदी कमेंट्री में प्रेम नारायण, अभय चतुर्वेदी, सुशील दोषी, जसदेव सिंह, स्कंद गुप्त, मनीष देव, राजेश तिवारी और मुरली मनोहर मंजुल



में इस बात की प्रतिस्पर्धा रहती थी कि मैदान में हो रहे क्रिकेट मैच का ऐसे चित्रण किया जाए कि श्रोता को इस बात का बिल्कुल भी अहसास न हो कि वो मैदान में मौजूद नहीं है।

कभी कभी मैच के रोमांचक होने पर बिना सांस खींचे वह अपने वाक्यांशों को इतना लंबा कर देते थे कि श्रोताओं की भी सांसे ठहर जाती थी।

शुरुआती दौर में समझा जाता था कि क्रिकेट एक इंग्लिश खेल और इसकी कमेंट्री सिर्फ इंग्लिश भाषा में ही की जा सकती है, लेकिन मुरली मनोहर मंजुल ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया। उन्होंने हिंदी भाषा में अपनी लयबद्ध कमेंट्री से क्रिकेट को खेल को भारत के घर - घर तक पहुंचाया, जिससे इस खेल की जड़ें मजबूत हुई। शुरुआत में मुरली मनोहर मंजुल रणजी ट्रॉफी मैचों का आंखों देखा हाल बताते थे और फिर 1972 में उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट कमेंट्री शुरू की।50 साल तक क्रिकेट कमेंट्री की लंबी पारी खेलने वाले मुरली मनोहर मंजुल ने पटना रेडियो से अपने सफर की शुरुआत की थी। बचपन में उन्होंने अपने गृहनगर जोधपुर में स्थानीय स्तर पर मारवाड़ क्रिकेट क्लब से खुद को जोड़ा था। जॉन आर्लोट उनके प्रिय कमेंटेटर रहे. रेडियो में आने के बाद जब हिंदी में आकाशवाणी से खास तौर पर क्रिकेट का प्रसारण शुरू हुआ तो वही प्रगाढ़ता उनके काम आई। मंजुल ने 2004 में अधूरे मन अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कमेंट्री से संन्यास ले लिया था। साहित्य से उनका विशेष लगाव था। मंजुल अपनी रचनाओं को माध्यम से भी छाए रहे। उनकी रचना च्आखों देखा हालज् को 1987 में भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार मिला। 2009 में लिखित च्आकाशवाणी की अंतर्कथाज् को भी काफी प्रसिद्धि मिली। . इसके अलावा मंजुल अपनी कविताओं और गीतों से पाठकों को लुभाते रहे।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

# प्रधानमंत्री ने किया रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण



बेल्थरा रोड, बलिया रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री मोदी ने किया वर्चुअल लोकार्पण।बताया जाता है कि बेल्थरा रोड रेलवे स्टेशन के नवनिर्माण कार्यो एवं सुंदरीकरण कार्य का वर्चुअल लोकार्पण प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्टेशन परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसके मुख्य अतिथि सांसद सलेमपुर रविंद्र कुशवाहा रहे। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री पर जो भरोसा जताया और दो बार प्रधानमंत्री बनाया उसी की देन है देश और रेलवे का विकास। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं का विकास होगा। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत बेल्थरा रोड रेलवे स्टेशन पर दोपहिया ,तीन पहिया, चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग स्टैंड की व्यवस्था होगी है। 50000 गैलन क्षमता वाली नई पानी टंकी का निर्माण होना है। ट्रेनों का डिजिटल डिस्प्ले, ऑटोमेटिक क्लॉक , पथ वे सहित अन्य कार्य प्रस्तावित है । इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर, पूर्व राज्य मंत्री छट्ठू राम, आरसीसीयू मेंबर देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट ,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश कुमार गुप्त, सतीश गुप्त, जयप्रकाश साहू ,उप जिलाधिकारी बेल्थरा रोड ए आर फारुकी, क्षेत्राधिकारी रसड़ा मोहम्मद फहीम, स्टेशन अधीक्षक दिनेश मौर्य, सेंट जेवियर स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर जे आर मिश्रा ,शीला मिश्रा, नवजीवन इंग्लिश स्कूल के प्रिंसिपल ग्रेसी जॉन,नोडल अधिकारी रेलवे आई सी सुभाष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रवेश पत्र न मिलने से चालीस छात्रों का भविष्य बर्बाद



पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। ट्रांस शारदा क्षेत्र के एक प्राइवेट स्कूल संचालक ने हाईस्कूल इंटरमीडिएट के चालीस छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। एडमिट कार्ड न मिलने से छात्रों की परीक्षा छूट गई। संयुक्त रूप से छात्रों ने संचालक पर भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है।ट्रांस शारदा क्षेत्र के इंडो नेपाल बार्डर के सीमावर्ती गांव राघवपुरी के गुरुद्वारे में संजय गांधी मेमोरियल स्कूल संचालित है। जहां पर यह स्कूल पहली क्लास से लेकर बारहवीं तक बिना किसी मान्यता के चल रहा था। जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की नजर प्राइवेट स्कूल संचालक विजय प्रताप वर्मा के ऊपर मेहरबान रही। यह स्कूल राघवपुरी के गुरुद्वारा परिसर में टूटी-फूटी झोपड़ी,टूटे हुए कमरों तथा पेड़ों की धूप छांव के नीचे शिक्षा विभाग के नियमों को ताक पर रखकर संचालक मनमानी फीस वसूलता रहा। दूसरी ओर बोर्ड परीक्षा के नजदीक आने पर छात्रों ने प्रवेश पत्र की मांग।जिस पर संचालक यही आश्वासन देता रहा कि परीक्षा से पहले सबको एडमिट कार्ड मिल जायेगा। परीक्षा के दिन प्रवेश पत्र न मिलने से छात्र छात्राओं की आंखों से आंसू आ गये। उनका आरोप है कि स्कूल संचालक की लापरवाही से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के करीब चालीस छात्र छात्राओं की परीक्षा छूट गई। एक वर्ष की पढ़ाई बर्बाद होने पर उन्हें अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को छात्रों ने अपने अभिभावकों संग स्कूल संचालक विजय प्रताप वर्मा के खिलाफ शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। अब आगे देखने वाली बात होगी कि इस तरह के शिक्षा माफियाओं पर प्रशासन कोई कार्रवाई करता है या इसे अभयदान दे दिया जायेगा।

## पुलिस ने चोरी के सामान सहित दो चोरो को किया गिरफ्तार, खुलासा



मुरादाबाद। थाना पाकबड़ा पुलिस ने दो शातिर चोरो को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया इस घटना का खुलासा पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया द्वारा पुलिस लाईन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कियागया। बताते चले कि वादिनी निवासनी थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण के द्वारा वादिनी के घर मे रखे रूपये चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना पाकबड़ा पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-54/2024 धारा-380 भादवि बनाम अभियुक्त 1-राहुल पुत्र बिशम्बर 2-अर्जुन पुत्र बिशम्बर निवासीगण डा0 बंगाली वाली गली बड़ा मन्दिर कस्बा व थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद पंजीकृत कराया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में, चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश एवं वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर, मुरादाबाद एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी हाईवे के निकट नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में, ब्ब्ज्ट फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही के करते हुये नामजद अभियुक्तगण 1-अर्जुन पुत्र बिशम्बर निवासी बंगाली डाक्टर वाली गली मो0 बड़ा मन्दिर कस्बा व थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद 2-राहुल पुत्र बिशम्बर निवासी के साथ अभियुक्त, 3- गुड्डू पुत्र भारत 4-दिनेश सैनी पुत्र पूरन निवासीगण बडा मन्दिर कस्बा व थाना पाकबड़ा के नाम भी प्रकाश में आये । उक्त के क्रम में थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1-अर्जुन पुत्र बिशम्बर निवासी बंगाली डाक्टर वाली गली मो0 बड़ा मन्दिर कस्बा व थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद 2-राहुल पुत्र बिशम्बर निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अर्जुन के कब्जे से 01 अदद अवैध 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज व चोरी के 3500ध- रु बरामद व अभियुक्त राहुल उपरोक्त से चोरी के 5,000/ रु0 बरामद हुए । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि, 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई है।पूछताछ में अभियुक्त अर्जुन पुत्र बिशम्बर ने बताया की उसका भाई राहुल सैनियो वाली गली में महेन्द्र पुत्र खेमसिंह के घर मे राज मिस्त्री राहुल के साथ मजदूरी का कार्य कर रहा था। करीब एक सप्ताह पहले उसके भाई राहुल ने बताया था की महेन्द्र के घर मे चिनाई के काम के लिए पैसे रखे है जिसकी उसने अपने दोस्त गुडडू पुत्र भारत व दिनेश सैनी पुत्र पूरन निवासीगण बडा मन्दिर कस्बा व थाना पाकबडा के साथ चोरी करने की योजना बनाई।

## संक्षिप्त आवाज़

### इकोत्तरनाथ मन्दिर पर भव्य शिवरात्रि महोत्सव का होगा आयोजन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। महाशिवरात्रि महोत्सव को लकेर बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर पर श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां शुरु कर दी गई है।प्रचार किया जा रहा है।हर साल की तरह इस बार भी जिले के सुप्रसिद्ध बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर पर महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ तीन मार्च से किया जाएगा। पहले दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो कई गांवो से होकर मंदिर पहुंचे गई। चार मार्च को मंडप प्रवेश अग्नि प्रवेश,नौ मार्च को पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा। कलश यात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली जाएगी। आयोजन रुद्र महायज्ञ आचार्य पंडित विपिन शास्त्री व महंत बाबा राघव दास जी महाराज के द्वारा किया जाएगा। आयोजकों ने महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम में अधिक भीड़ जुटाने के लिए प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भागवत कथा के अलावा भगवान शिव पार्वती पर आधारित झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम को भाग्य बनाने के लिए लगातार लोगों को पहुंचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रबुद्ध नागरिकों के साथ मिल मोदी को जिताने की अपील की



बिजनौर (स्पष्ट आवाज) लोकसभा बिजनौर की सदर विधानसभा के बिजनौरट्ठनगर में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेरीवाल ने प्रबुद्धजनों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से स्नेहिल भेंट कर केंद्र/प्रदेश सरकार द्वारा किये गए ऐतिहासिक निर्णयों पर विस्तृत चर्चा की।। इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्धजनों ने देश के यशस्वी मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पुनः प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, जिला महामंत्री विनय राणा, डॉ0 रोहन चौधरी संदीप बल्हरे, बबली एडवोकेट आदि उपस्थित रहे!

### कब्रिस्तान विवाद का दो पक्षों में हुआ समझौता

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव उदयपुर खुर्द में कब्रिस्तान है। जिसमें पुराने समय से मुस्लिम समुदाय के लोग मृतक शवों को दफनाते हैं। कब्रिस्तान में मृत लोगों की कब्रें भी बनी हुई है। कब्रिस्तान के सम्बन्ध में पूर्व में विवाद होने पर प्रशासन व कुछ लोगों ने दो पक्षों के बीच समझौता करा के भूमि को कब्रिस्तान में दर्ज कराने का आश्वासन भी दिया था। सोमवार को शबे बारात के त्यौहार को लेकर कब्रिस्तान की साफ सफाई की गई। कब्रों को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान विश्व हिन्दु परिषद के पदाधिकारी बताने वाले कई लोगों ने पहुंच कर कब्रिस्तान में जाने व साफ सफाई करने से रोक दिया। विरोध करने पर डराने धमकाने लगे और कब्रिस्तान में जाने पर जान से मारने की धमकी देकर दबंगई के बल पर कब्रों को क्षतिग्रस्त व बराबर कर दिया। कहा कि इस जगह पर हनुमान चलीसा का पाठ करेगें। आरोप है कि कुछ लोग गांव में सम्प्रदायिकता पैदा कर रहे हैं। लोगों पर भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए बडी संख्या में लोगों ने सीओ कार्यालय पहुंच कर मामले की शिकायत पुलिस क्षेत्राधिकारी से की है। उन्होंने कार्रवाई का आश्वाशन दिया। उन्होने कोतवाली पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पत्र देने वालों में शदेशाह,बरतकत शाह, मकरुमा,साबिर शाह,शहंशाह, कराल शाह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### अलग प्रदेश व हाईकोर्ट का करते हैं समर्थन : बिजेंद्र सिंह



बिजनौर(स्पष्ट आवाज ) बिजनौर लोकसभा चुनाव को लेकर लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी बिजेन्द्र सिंह ने एक रैली का आयोजन कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने व हाईकोर्ट बनायें जाने की मांग का समर्थन करते कहां कि अब परिवर्तन होना निश्चित है तथा उन्हें 100 गांव के प्रधानों का समर्थन मिल चुका है । चौधरी बिजेन्द्र सिंह ने दावा किया कि वह इस लोकसभा क्षेत्र से बड़े उद्योगों की स्थापना करने के लिए दृढ़ संकल्प है जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके । उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का नौजवान पढ़ा लिखा होने के बावजूद बेरोजगार हैं जिससे उसका मनोबल टूट रहा है हाल ही में पुलिस भर्ती में युवाओं को निराशा हाथ लगी है । जाट बाहुल्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राजनीतिक वर्चस्व को तोड़ने में लगे हैं बिजेन्द्र सिंह ?गौरतलब है कि चौधरी बिजेंद्र सिंह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक अलग राजनीतिक धुरी बनने के प्रयास में लगे हैं उनके पीछे किसी मजबूत राजनीतिक संगठन का हाथ होने की चर्चा भी है जो राष्ट्रीय लोकदल की आड़ में किस राजनीति को दो फाड़ करने का प्रयास करते प्रतीत हो रहे हैं वहीं जाट बाहुल्य क्षेत्र में अपनी राजनीतिक पैतरेबाजी के बल पर जाट राजनीति के वर्चस्व को विभाजित कर अपने हित साधने व नये समीकरण का ताना-बाना बुनने के लिए धन बल के सहारे भारी भीड़ के समर्थन का दावा कर राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर रहे है । राजनीतिक पंडितों का मानना है की राष्ट्रीय लोकदल की आड़ में परिवर्तन के नाम पर चलाया गया यह अभियान जयंत चौधरी के भाजपा से गठबंधन के बाद अपने शुरुआती दौर में ही समाप्त हो जाएगा । परिवर्तन 2024 विजय संकल्प महारैली का महाउद्घोष चौधरी विजेन्द्र सिंह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर लोकसभा से हुंकार भरी.हज़ारों की संख्या में भारी भीड़ उमड़ी चौधरी विजेन्द्र सिंह ने कहा कि केंद्र में बैठी सरकार को एक बार किसानों को लेकर सोचना चाहिए, चाहे स्र्ककी बात हो या विकास की क्योंकि विकास पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है... पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ना तो सरकारी फैक्ट्री है... ना ही कोई अच्छी सड़के हैं।

## ट्रेन से घर आ रहे बैंक के डिप्टी मैनेजर लापता, तलाश में जुटी पुलिस... बांदा में थे तैनात



मुरादाबाद। झारखंडी मंदिर हवेली निवासी बैंक के डिप्टी मैनेजर प्रदीप कुमार बांदा जिले में एसबीआई में तैनात हैं। 23 फरवरी की रात वह फतेहपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठकर मुरादाबाद के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में वह लापता हो गए। बैंक अधिकारी के बेटे ने इस मामले में स्थानीय नागफनी पुलिस और चंदौसी रेलवे पुलिस को सूचना दी है। बताते चले कि नागफनी थाना क्षेत्र के झारखंडी मंदिर हवेली निवासी हर्षित कुमार ने बताया कि उनके पिता प्रदीप कुमार (47) बांदा जनपद की एसबीआई बैंक शाखा में उप प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। 23 फरवरी को अवकाश होने के कारण वह शाम के समय फतेहपुर से ट्रेन नंबर 14113 पर सवार होकर मुरादाबाद आ रहे थे। वह लिंक एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-टू में बैठकर आ रहे थे। ट्रेन आने के बाद पिता के घर नहीं पहुंचने पर उसने घटना से चंदौसी जीआरपी को अवगत कराया। चंदौसी जीआरपी में तैनात सिपाही ने कॉल रिसीव करते हुए बताया कि सुबह चार बजे ट्रेन में किसी यात्री का सामान मिला है। उसी बैग में यह फोन भी था। बेटे ने जीआरपी चौकी पहुंचकर सामान की पहचान की और गुमशुदगी दर्ज कराई। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि उनका सामान चंदौसी जीआरपी को मिला है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जाएगी। वहीं नागफनी थाना प्रभारी चमन सिंह ने बताया कि बैंक कर्मी के लापता होने की सूचना उनको मिली है, लेकिन इस मामले में जीआरपी थाना पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। वह जीआरपी के संपर्क में है। डिप्टी मैनेजर के घर नहीं पहुंचने पर परिवार के लोग परेशान हैं। परिजनों ने रेलवे के अधिकारियों से अस्पतालों में भी खोजबीन करने की गुहार लगाई है।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मुरादाबाद। थाना कटघर क्षेत्र में गृहक्लेष के चलते महिला ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के षव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया। बताते चले कि सोमवार की सुबह कटघर देहरी गांव क्षेत्र में महिला का जेठानी से विवाद हो गया जिसके चलते महिला ने खुद को कमरे में बंद करके फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब परिवार के लोगो ने महिला के षव को खून से लथपथ हालत में देखा तो वे दंग रह गये। परिजनो ने आनन फानन में घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के षव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया।

## अकबरपुर जंक्शन की बदल जाएगी तस्वीर, प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। अकबरपुर रेलवे स्टेशन को %अमृत भारत स्टेशन योजन% में चयनित करने के उपरांत पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्तीकरण करने का कार्य पूर्ण होने के बाद नए भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अकबरपुर रेलवे स्टेशन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के सहारे शिलान्यास किया। अकबरपुर स्टेशन पर मदरसा फैजाने गरीब नवाज के बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का सांस्कृतिक कार्यक्रम कर के लोगों को जागरूक किया। बेटी पड़ेगी तभी आगे बढ़ेगी बेटी बचेगी तभी पड़ेगी बेटी बेटा में भेद नहीं करना चाहिए। स्कूल के बच्चों को सदस्य विधान परिषद पूर्व सांसद हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधु वर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर अनिल कुमार वर्मा ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। बताते चलेंकि अकबरपुर रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्त कर नई बिल्डिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है जिसका देश के प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के सहारे शिलान्यास किया। अकबरपुर जंक्शन बहुत जल्द नए रूप में नज़र आयेगा।

## धनारा घाट मेले पर भाजपा मंडल टीम और बाबा राघव दास ने पुलिस को किया सम्मानित

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। शारदा नदी के धनारा घाट पर एक महीना रामनगरिया मेला चला। जिसमें हजारा पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही। इसके समापन पर साधु महात्माओं और भाजपा के रामनगर मंडल अध्यक्ष ने हजारा पुलिस के कार्यों की सराहना करते हुए सम्मानित किया।हजारा थाना क्षेत्र की पवित्र शारदा नदी के धनारा घाट पेंटून पुल के समीप 25 जनवरी पौष पूर्णमासी से लाल बाबा रामनगरिया मेला प्रारंभ हुआ। इस मौके पर राम जानकी मंदिर पूरनपुर के महंत बाबा राघव दास,अमरैया के बाबा महेश दास जनकपुर के पंडित बाबूराम,चीनी मिल पूरनपुर के हनुमान मंदिर से ब्रह्मचारी के अतिरिक्त नेमीशरण तीर्थ स्थल,औरैया जिला तथा उत्तराखंड के साधु महात्माओं ने पहुंचकर एक माह कल्पवास में रहे । धनारा घाट पर मौनी अमावस्या,बसंत पंचमी,रूद्र महायज्ञ,कवि सम्मेलन,माघी पूर्णिमा समेत बड़ी संख्या में धार्मिक अनुष्ठान और भंडारा के आयोजन किए गए। कार्यक्रम में सामाजिक धार्मिक के अलावा भाजपा विधायक बाबूराम पासवान,जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह एवं तमाम जनप्रतिनिधियों समेत सैकड़ो लोगों ने कार्यक्रमों में भाग लिया। मेला में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हजारा पुलिस सतर्क रही। भाजपा रामनगर मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव,मंडल महामंत्री विजय कुमार सिंह,रोहित मिश्रा एवं बाबा राघव दास ने हजारा इंस्पेक्टर परमेंद्र कुमार और उप निरीक्षक रविंद्र पाल सिंह तथा पुलिस कर्मियों व घाट मुंशी व तैराक और गोताखोर बबलू मांझी के कार्यों की सरहना करते हुए साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता से एएनएम केन्द्र बना खण्डहर



पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। लाखों की लागत से वना एएनएम केंद्र सालों से बंद पड़ा हुआ है। इसके चलते क्षेत्रीय महिलाओं को लाभ नही मिल पा रहा है। पूरा भवन गिरताऊ हालत में पडा हुआ है। जल्द ही भवन की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।गर्भवती महिलाओं को बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाएं मिलें,इसको लेकर सरकार लाखों रुपए खर्च कर स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण करा रही है।लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते अव्यवस्थाएं हावी हैं। मामला घुंघचाई थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमुनिया जगतपुर का है। पंचायत में लाखों रुपये की लागत से एएनएम केंन्द्र का निर्माण कराया गया था। लेकिन उसी समय से डॉक्टरों की तैनाती नहीं हुई। इसके चलते स्वास्थ्य उपकेंद्र शोपीस बना हुआ है। देखरेख के अभाव में उपकेंद्र की बिल्डिंग जर्जर हालत में पडी हुई है। जो कभी गिर सकती है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते पूरा भवन लंबी लंबी घास व झाडियों से घिर हुआ है। वताया जाता है कि निर्माण के दौरान ही इस भवन की रंगाई पुताई कराई गई थी। उसके बाद अभी तक इस भवन की मरम्मत कराने की दूरी की बात साफ सफाई भी नही कराई गई। भवन की दीवारें,छत,कमरे कभी भी गिर सकते हैं। खिडकियां व दरवाजे टूटे पडे हुए है। वताया जाता है कि भवन खंडहर में होने से एएनएम घरों में जाकर आपनी डियूटी करने को मजबूर होना पड रहा है।लाखों की लागत से बना भवन का लाभ नही मिल पा रहा है। इससे गर्भवती महिलाएं इलाज के लिए इधर उधर भटक रहीं हैं। भवन में खडी घास व झाड़ियों से आए दिन कीडे मकोडे निकल रहे हैं। उपकेंन्द्र न खुलने से क्षेत्रीय महिलाओं को लंबी दूरी तय कर तहसील मुख्यालय जाना पड रहा है। महिलाओं की सहूलियत के लिए बना भवन केवल सफेद हाथी साबित हो रहा है। हालांकि इस मामले की शिकायत कई बार की गई।लेकिन किसी भी विभागीर अधिकारी ने इसकी और ध्यान नहीं दिया। जिससे भवन की हालत लगातार खराब होती जा रही है। जल्द ही एएनएम केंन्द्र की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। जिससे गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ मिल सके।

## घर में आग लगने से आभूषणों सहित नकदी जलकर राख

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। अज्ञात कारणों के चलते घर में आग लग गई।आग की लपटें देख हडकंप मच गया। आग से हजारों रुपये का नुकसान होना वताया जा रहा है। मामले की सूचना लेखपाल को दी गई है।माधोटांडा क्षेत्र के मैनी गुलडिया के लैहारी निवासी राम सिंह ने वताया कि वह अपने परिवार के साथ सो रहा था।इसी दौरान अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई। आग की लपटें तेज होने से गांव में हडकंप मच गया। दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आग में घिरे परिवार को वमुश्किल बाहर निकाला।ग्रामीणों ने अपने निजी संसाधनों से बमुश्किल आग पर काबू पाया।लेकिन तब तक आग लगने से बिस्तर,कपड़े,अनाज,चारपाई व नगदी, आभूषण सहित हजारों का घरेलू सामान आग की भेंट चढ़ गया। आग लगने की सूचना राजस्व विभाग को देकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। अचानक घर जल जाने से परिवार खुले आसमान में रहने को मजवूर हो रहा है।

## डीएम ने बुढ़िया माता मंदिर के अवस्थापना सुविधा कार्य हेतु किया निरीक्षण



अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा तहसील आलापुर के नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर के अंतर्गत बुढ़िया माता मंदिर का निरीक्षण किया गया। बुढ़िया माता मंदिर धार्मिक स्थल को वंदन योजना के तहत 193.87 लाख रुपए स्वीकृत हुए। इस धन से कराए जाने वाले कार्यो के संबंध में मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया गया। तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बंदन योजना के तहत जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी राजेसुल्तानपुर से कराए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। शासन द्वारा स्वीकृति किए गए धन से संपर्क मार्ग, विश्रामालय, वाटर किओस्क, छादक साइनेज, प्रकाश व्यवस्था, बेंच, सुंदरीकरण, सीसी रोड, इंटर लॉकिंग आदि कराए जाने है। इसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा वहां उपस्थित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए यथा शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराए जाने व अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा राम जानकी मंदिर गोपाल बाग का भी निरीक्षण किया गया। तथा वहां के संवर्धन व विकास हेतु अधिशासी अधिकारी को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही साथ यह भी अवगत कराना है कि जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अभिनव प्रयास से जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है द्य जनपद अंबेडकरनगर विश्व प्रसिद्ध अयोध्या का अभिन्न अंग होने के कारण यहां पर पर्यटन की असीम संभावना बन रही हैद्य जिलाधिकारी द्वारा श्रवण धाम क्षेत्र, दरवन झील, पुंथर झील सहित अनेक जल संचय स्रोतों व पौराणिक स्थलों का चिन्हांकन कर लगातार शासन को पत्र प्रेषित किए जा रहे हैं तथा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जनपद के विकास हेतु प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति भी लगातार दी जा रही है।पर्यटन को बढ़ावा देने से जहां एक तरफ देश-विदेश के पर्यटक जनपद में आएंगे वहीं दूसरी तरफ इससे जनपद वासियों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रधानमंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में अपील की गई है कि पर्यटक जहां भी जाए वहां उस यात्रा के अपने पूरे खर्च का काम से कम 10त्न वहां स्थानीय वस्तुओं के खरीद में खर्च करें ,जिससे स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे जनपद सहित प्रदेश के 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी व देश के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामिक को प्राप्त करने में सफलता मिलेगी द्य निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी आलापुर, खण्ड विकास अधिकारी राजेसुल्तानपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर, पूर्व विधायक आलापुर अनीता कमल तथा अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

# भाजपा के चौपाल में पार्टी प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीता कर लोकसभा में भेजने का लिया संकल्प



अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। आगामी लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां सुरु हो गई है इस बीच तमाम राजनैतिक दलों के नेता पदाधिकारी अपनी अपनी पकड़ पर तमाम ग्राम सभाओं में जन चौपाल के माध्यम से लोगो का रुझान कार्य योजना का प्रचार प्रसार कर के अपनी पार्टी के तरफ रुझान भटकाने का पुरजोर प्रयास करने में मशगूल हो उठे है। इसी क्रम में आज आगामी लोकसभा चुनाव के नजदीक आने पर अमेदा ग्राम सभा में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं 278 विधानसभा टांडा के पूर्व प्रत्याशी कपिल देव वर्मा ने जन चौपाल के माध्यम से आम जनमानस के बीच एक जनसभा का आयोजन किया। जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए अपने संबोधन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और पार्टी को मजबूत बनाने तथा सरकार द्वारा अनेक कार्यो की चर्चा करते हुए तीसरी बार पुनः केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को अवसर देने के लिए ग्राम सभा के लोगों से निवेदन किया। उक्त ग्रामसभा में चौपाल के आयोजन के दौरान सभी ने आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी द्वारा चुने गए प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीता कर लोकसभा में भेज कर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया उल्लेखनीय हैं कि जन चौपाल का संचालन जवाहर लाल मौर्य, आयोजक रणविजय वर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष एवं 278 विधानसभा टांडा के पूर्व प्रत्याशी कपिल देव वर्मा ने किया। वहीं दूसरी तरफ उक्त कार्यक्रम में जगदीश तिवारी, प्रवीण दुबे, गिरीश वर्मा, राम छैल वर्मा, बच्चा राम वर्मा, बाबूराम वर्मा, राम सज्जन वर्मा, दिवाकर वर्मा आदि अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## एमएलसी ने बारात घर का किया भूमि पूजन

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। एमएलसी डॉ हरिओम पांडे तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा आकांक्षात्मक विकासखंड भीटी के ग्राम पंचायत अढ़नपुर में बारात घर का भूमि पूजन किया गया। सरकार की मंशानुरूप नारी शक्ति को आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के नेतृत्व में लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में बन राजा समाज की महिलाओं तथा समूह की महिलाओं द्वारा बारात घर की मांग पूर्व में जिलाधिकारी से की गई थी। जिलाधिकारी द्वारा अढ़नपुर में बारात घर बनाने हेतु जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यदाई संस्था से जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ कराया जाए।प्रधानमंत्री द्वारा तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। जिसके क्रम में जनपद को 54 हजार लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।


## कार्यालय नगर पंचायत छितौनी, जनपद- कुशीनगर

पत्रांक : 456(2)/न0पं0 छितौनी/2023-24 दिनांक : 22.02.2024

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

संख्या - 06/2023-24

| क्र0 सं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट का नाम | http://etender.up.nic.in |
| 2 | निविदा अपलोड करने की तिथि | दिनांक 23-02-2024 |
| 3 | ठीकेदार फर्मो द्वारा निविदा डाउनलोड करने की अवधि | दिनांक 23-02-2024 को अपरान्ह 2:00 बजे से दिनांक 02-03-2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 4 | ठीकेदार/फर्म द्वारा डाउनलोड की स्वप्रमाणित प्रति नगर पंचायत कार्यालय पर जमा करने की तिथि व समय | दिनांक 02-03-2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 5 | निविदा समिति द्वारा निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 04-03-2024 को अपरान्ह 2:30 बजे से |

कार्यो का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पेयजल हेतु व्यवस्था योजना/अन्य मद | | | | | |
| 1 | Construction of Tubewell, E/M work & Pump house in ward no. 12 Bulahawa Nagar. | 39.97 | 3,30,000 | 3300 | 3 माह |
| 2 | Construction of Tubewell, E/M work & Pump house in ward no. 06 Janaki Nagar. | 39.97 | 3,30,000 | 3300 | 3 माह |
| 3 | New Pipeline & house Construction in ward no. 12 Bulahawa Nagar. | 39.99 | 3,30,000 | 3300 | 3 माह |
| 4 | New Pipeline & house Construction in ward no. 05 Atal Nagar. | 30.07 | 2,50,000 | 2500 | 3 माह |
| 5 | New Pipeline & house Construction in ward no. 06 Janaki Nagar. | 39.86 | 3,30,000 | 3300 | 3 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत छितौनी, कुशीनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत छितौनी, कुशीनगर


स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, **मुद्रक एवं प्रकाशक** - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्या: U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
*संपादक -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com.* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# भारत ने 5 विकेट से जीतकर टेस्ट सीरीज पर किया कब्जा

**●यूपी के ध्रुव जुरेल को मिला मैन ऑफ द मैच**



**रांची।** भारतीय टीम ने रांची टेस्ट में इंग्लैंड को 5 विकेट से हरा दिया। 192 रनों के टारगेट को भारतीय टीम ने खेल के चौथे दिन चाय से पहले हासिल कर लिया। शुभमन गिल 52 और ध्रुव जुरेल 39 रन बनाकर नाबाद रहे। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है। टेस्ट सीरीज पांचवां एवं आखिरी 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। इंग्लैंड टीम तीसरे दिन के तीसरे सेशन में दूसरी पारी में 145 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की पहली पारी के 46 रन की लीड के आधार पर भारत को 192 रन का टारगेट मिला। इससे पहले, इंग्लैंड टीम पहली पारी में 353 और भारतीय टीम 307 रन पर ऑलआउट हुई।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को लंच तक तीन विकेट पर 118 रन बना लिये और उसे जीत के लिये 74 रन की जरूरत है। रोहित शर्मा ने 81 गेंद में 55 रन बनाये जबकि यशस्वी जायसवाल ने 37 रन बनाकर उनके साथ 84 रन की साझेदारी की। रजत पाटीदार खाता खोले बिना आउट हो गए। रविंद्र जडेजा चार रन बनाकर आउट हो गए और सरफराज खाता खोले बिना आउट हो गए। गिल 52 रन और ध्रुव जुरेल 39 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने तीन, जो रूट और टॉम हार्टली एक-एक बल्लेबाज को आउट किया है। भारत ने पहली पारी में ध्रुव जुरेल 90 रन के जोरदार संघर्ष के बाद चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को रविचंद्रन अश्विन (51 रन पर पांच विकेट) और कुलदीप यादव (22 रन पर चार विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड की दूसरी पारी 145 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने पहली पारी में 353 रन बनाये थे जिसके जवाब में भारत पहली पारी में 307 रन बना सका था जिससे मेहमान टीम को पहली पारी में 46 रन की बढ़त मिली जबकि दूसरी पारी में यह बढ़त 191 रन की हो गयी। 192 रन के विजय लक्ष्य का पीछा करते हुये भारत ने दिन का खेल खत्म होने के समय अपनी दूसरी पारी में बगैर विकेट खोये 40 रन बना लिये थे।

## आज भी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष आज भी पेश नहीं हुए। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सातवीं बार समन भेजकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। आम आदमी पार्टी ने इस समन पर भी सोमवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर नहीं जाएंगे। पार्टी ने कहा कि चूंकि अभी मामला अदालत में लंबित है। इसकी सुनवाई 16 मार्च को होनी है। ईडी समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करे। हम इंडी गठबंधन का साथ नहीं छोड़ेंगे। हमारे ऊपर इस तरह से मोदी सरकार दबाव न बनाए।

# 11 छात्राओं को सांसद ने किया सम्मानित



**गोरखपुर।** सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 से अधिक रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास/उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण के अवसर पर खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में एनई रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, रेलवे कालोनी जटेपुर गोरखपुर की 11 छात्राओं को सांसद, संत कबीरनगर, प्रवीन कुमार निषाद ने प्रमाणप्रत्र प्रदान कर सम्मानित किया। 2047 का विकसित भारत की विकसित रेल विषय पर एन.ई. रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल रेलवे कालोनी, जटेपुर गोरखपुर मे कविता पाठ निबंध लेखन, चित्रकला, कहानी लेखन, सामान्य ज्ञान/क्वीज एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। सीबीएससी बोर्ड के अंग्रेजी माध्यम द्वारा मान्याता प्राप्त इस विद्यालय में सत्र 2024-25 हेतु कक्षा-06 से 11वीं तक में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म का वितरण किया जा रहा है। प्रवेश फार्म किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय से 10 बजे से 02 तक प्राप्त किया जा सकता है तथा आवेदन फार्म पूर्ण रूप से भरकर 19 मार्च तक जमा किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा 21 मार्च को प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक होगी। इस विद्यालय में कुशल एवं योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षणेत्तर कार्य सम्पन्न करायी जाती है। सीसीटीवी एवं ऑडियो से सुसज्जित विद्यालय में आधुनिक पुस्तकालय, प्रयोगशाला तथा खेल का मैदान है।

## संक्षिप्त आवाज़

### आज 12103 पुणे-लखनऊ का रि-शिड्यूल

**गोरखपुर।** मध्य रेलवे के निंबलक-विलद-वांबोरी रेलवे स्टेशनो के मध्य दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इंटरलाकिंग/नान इंटरलाकिंग कार्य किये जाने के कारण 27 को पुणे से चलने वाली 12103 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस पुणे से रि-षिड्यूल कर 10.45 के स्थान पर 13.55 बजे चलायी जायेगी।

### रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों का छूटा सामान लौटाया

**गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। 25 को रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस, प्रयागराज रामबाग द्वारा निगरानी के दौरान प्रयागराज रामबाग स्टेशन यार्ड से यात्रियों का सामान चोरी करने वाले एक चोर को चोरी किया हुआ दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। 25 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, खलीलाबाद द्वारा गाड़ी संख्या-15204 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया जिसे यात्री के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया। 25 को रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा गाड़ी संख्या-15104 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया। 25 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, इज्जतनगर से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, इज्जतनगर द्वारा गाड़ी संख्या-15073 से यात्री का छूटा एक घड़ी बरामद किया। यात्री के उपस्थित होने पर घड़ी को उसे सुपुर्द किया। 24 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, कप्तानगंज द्वारा गाड़ी संख्या-15002 से यात्री का छूटा बैग बरामद कर यात्री को सुपुर्द किया। 24 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा गाड़ी संख्या-15707 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया।

# नैतिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों के अनुरूप कार्य करें डाक्टर : मुर्मु



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को यहां लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के 107 वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अब चिकित्सा विज्ञान सिर्फ उपचार तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण भौतिक, डिजिटल और जैविक क्षेत्रों के बीच का अंतर कम हो रहा है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हो रहे नए प्रयोग और सीआरआईएसपीआर जीन एडिटिंग जैसी नई तकनीकें सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान ढूंढने में मददगार साबित हो रही हैं। लेकिन इन प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग की समस्या भी बनी हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा बिरादरी अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता और उच्च मूल्यों के अनुसार काम करेंगे और 'वन हेल्थ' के एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सभी समस्याओं को हल करने का प्रयास करेंगी। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि लोग डॉक्टरों को भगवान मानते हैं, ऐसे में डॉक्टरों को इस नैतिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए और उसके अनुरूप व्यवहार करना चाहिए। वे वास्तव में तभी सफल डॉक्टर या नर्स होंगे जब उनमें पेशेवर क्षमता के साथ-साथ करुणा, दया और सहानुभूति जैसे मानवीय मूल्य भी हों। एक बेहतर स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर बनने के लिए, एक अच्छा इंसान बनना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने भी चरित्र के बिना ज्ञान और मानवता के बिना विज्ञान को पाप बताया है। इसलिए डॉक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य पैसा कमाना नहीं, बल्कि 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस संस्थान को अंग प्रत्यारोपण पुनर्प्राप्ति केंद्र के रूप में पंजीकृत किया गया है। संस्थान ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध की समस्या को हल करने के लिए व्यापक एंटीबायोटिक प्रबंधन कार्यक्रम शुरू किया है। यह अन्य संस्थानों के सहयोग से आईड्रोन पहल के तहत ब्लड बैग डिलीवरी पर भी काम कर रहा है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस संस्थान ने नॉर्वे सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय मानव दूध बैंक और स्तनपान परामर्श केंद्र 'वात्सल्य - मातृ अमृत कोष' की स्थापना की है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र स्तनपान के बारे में जागरूकता पैदा करने और शिशु मृत्यु दर को कम करने में मददगार साबित होगा।

# डीसीए जालौन ने गाजीपुर को 101 रनों से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची..



**उरई।** डीसीए जालौन बनाम डीसीए गाजीपुर के बीच आज बाराबंकी के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेला गया मैच जिसमें डीसीए जालौन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जालौन की टीम ने 10 विकेट खोकर 251 रन बनाए जिसमें संदीप ने 17 बॉल 13 रन, तरुण द्विवेदी 12 बॉल 16 रन, तौशीफ खान 79 बॉल मे अपना शतक 100 पूरा किया जिसमे 11 चौके और एक छक्का भी शामिल है, सुयश 14 बॉल 7 रन, जय शुक्ला 50 बॉल 45 रन, आयुष भदौरिया 15 बॉल 7 रन, बतौर विकेट कीपर सलमान ने 22 बॉल 27 रन, मुज्जमिल ने 8 बॉल खेल कर 10 रन बनाए और जालौन ने डीसीए गाजीपुर को 252 रन का लक्ष्य दिया गाजीपुर इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 150 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसमे प्रतीक राय 43 बॉल 45 रन, पवन राय 21 बॉल 14 रन, अखिल यादव 37 बॉल 21 रन और किशन ने 21 बॉल मे 21 रन बनाए।

# संदेशखालि में जो हुआ वह भारतीय ही नहीं किसी भी मनुष्य की कल्पना से परे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में जो हुआ वह भारतीय ही नहीं किसी भी मनुष्य की कल्पना से परे है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न पर कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने परोक्ष रूप से पार्टी नेता राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग भी संदेशखालि जाकर पीड़ितों से बात करना चाहते हैं लेकिन अब भी राजनीति के भूल-भुलैया में उलझे 'शहजादे' ने इस मामले में एक शब्द भी नहीं कहा है। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमा पर स्थित संदेशखालि क्षेत्र के लोग एक महीने से अधिक समय से तृणमूल नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

# देश में स्थिर सरकार का असर कपड़ा उद्योग क्षेत्र में भी आया नजर : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में स्थिर और दूरदर्शी सरकार होने का लाभ स्पष्ट तौर पर कपड़ा उद्योग क्षेत्र में नजर आ रहा है। पिछले 10 साल में यह सात लाख करोड़ से बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत का कपड़ा क्षेत्र विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभों गरीब, युवा, किसान और महिला सभी से जुड़ा है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हम भारत को ग्लोबल एक्सपोर्ट हब में बदल देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदले हुए परिदृश्य पर यह बड़ी बात नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भारत टेक्स 2024 का उद्घाटन करते हुए कही। भारत टेक्स 2024 देश में आयोजित होने वाले वस्त्र क्षेत्र से जुड़े वैश्विक स्तर के अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है। यह चार दिवसीय आयोजन उद्घाटन के साथ भारत मंडपम और यशोभूमि में शुरू हो गया। इस अवसर पर 3 हजार से अधिक प्रदर्शक, 100 देशों के लगभग 3 हजार खरीदार और लगभग 40 हजार व्यापार आगंतुक एक साथ आए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयोजन को वैल्यू-चेन और टेक्सटाइल इको सिस्टम से जुड़े लोगों के लिए एक साझा मंच पर एक साथ आने का एक शानदार अवसर बताया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत के निर्माण में टेक्सटाइल सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के लिए विस्तृत दायरे में काम रही है।

## जेपी नड्डा ने 'संकल्प-पत्र सुझाव' अभियान का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के केंद्रीय कार्यालय विस्तार से सोमवार को संकल्प-पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ किया। इसके साथ ही भाजपा अध्यक्ष ने विकसित भारत मोदी की गारंटी रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले नड्डा ने पार्टी के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में ही नेताओं के साथ बैठक भी की, इसमें राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल और तरुण चुग सहित कई अन्य नेता शामिल हुए। संकल्प पत्र समिति में शामिल नेताओं का एक वर्कशॉप भी आयोजित किया गया। नड्डा ने संकल्प-पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की कल्पना और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए जिस तरह से काम हो रहा है।


# खुले आसमान तले शिक्षा ग्रहण कर रहे नौनिहाल

**●मलेली गाँव के प्राथमिक स्कूल की तस्वीर के आगे बेमानी है आजादी**



**कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** प्राइमरी स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर होने के अनेक दावों के बीच इलाके में एक सरकारी स्कूल ऐसा भी संचालित हो रहा है जहां स्कूल, बच्चे, शिक्षक तो है, लेकिन भवन नहीं है! प्राथमिक विद्यालय की इन तस्वीरों के आगे 76 साल की आजादी भी बेमानी साबित हो रही है। बच्चों व गुरुजनो को सरकारी बिल्डिंग नसीब हो इसके लिए कड़ी जद्दोजहद की गई। तब भी आज तक खुले आसमान तले यहां नौनिहाल शिक्षा ग्रहण कर रहे है। किसी जनप्रतिनिधि या फिर अधिकारी ने इसको लेकर संजीदगी नहीं दिखाई। बताया जा रहा है कि विकास क्षेत्र के मलेली मजरा पीरनगर गांव में यह प्राथमिक विद्यालय संचालित हो रहा है। जहां संचालित हो रहे इस सरकारी स्कूल में करीब एक सैकड़ा छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। इन सभी बच्चों को पढ़ाने हेतु एक पुरुष एवं दो महिला शिक्षकों की स्कूल में तैनाती है। विद्यालय में अधिकांश बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए भी आते है। बावजूद खुले में संचालित हो रहे इस स्कूल को अभी तक सरकारी बिल्डिंग नसीब नहीं हुई है। प्रधानी का कामकाज देख रहे देवेश बताते है कि इसके लिए उन्होंने प्रशासन से लेकर शासन तक दौड़ भाग किया। बिल्डिंग के लिए जमीन चिन्हित है। नवंबर माह 2023 में शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद ने एक पत्र जारी किया था। बीएसए के नाम इस पत्र में विद्यालय की अवशेष अंतरित धनराशि को सम्मिलित करते हुए जनपद स्तर पर उपलब्ध स्रोतों अथवा अतर्विभागीय कन्वर्जेंस के माध्यम से धनराशि की व्यवस्था करते हुए विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के बाद कार्रवाई से अवगत कराने की बात लिखी थी। फिर भी आज तक समस्या का कोई ठोस हल नहीं निकला है। पांच सौ के करीब आबादी वाले सलेमपुर गांव को जाने के लिए रास्ते की दरकार है। यहां के वाशिंदों को आज तक निकलने के लिए एक रास्ता तक नसीब नहीं हुआ है।

# ज्ञानवापी : एचसी ने व्यास जी के तहखाने में पूजा जारी रखने की दी अनुमति



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर व्यास जी के तहखाने का वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को 'रिसीवर' (प्रभारी) नियुक्त करने और तहखाने में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी के जिला न्यायाधीश के निर्णयों के खिलाफ दायर अपील सोमवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 15 फरवरी को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति अग्रवाल ने कहा कि व्यास जी के तहखाना में पूजा-अर्चना जारी रहेगी। ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने वाराणसी जिला न्यायाधीश के दोनों निर्णयों के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। न्यायमूर्ति अग्रवाल ने अपील खारिज करते हुए कहा, ह्यइस मामले के संपूर्ण रिकॉर्ड को देखने और संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत को वाराणसी के जिला न्यायाधीश द्वारा पारित निर्णय में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं मिला। अदालत ने कहा कि (वाराणसी की अदालत के) इन दो आदेशों के खिलाफ दायर अपील में मस्जिद कमेटी अपने मामले को पुष्ट करने और जिला अदालत के आदेश में किसी प्रकार की अवैधता दर्शाने में विफल रही है इसलिए इस अदालत द्वारा किसी तरह का हस्तक्षेप वांछित नहीं है। न्यायमूर्ति अग्रवाल ने कहा कि उस स्थान पर पूजा पहले ही प्रारंभ हो चुकी है और जारी है इसलिए उसे रोकने का कोई औचित्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि व्यास जी के तहखाने में पूजा की अनुमति के खिलाफ मस्जिद कमेटी की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से उच्चतम न्यायालय के इनकार करने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई थी।

# पीड़ित महिलाओं का सहारा बनी भाजपा सरकार : कल्पना वर्मा

**●महिलाओं को खोया आत्मविश्वास लौटा रहा है वन स्टॉप सेन्टर**

**●ब्लाक प्रमुख ने महिला अस्पताल में सेन्टर का किया निरीक्षण**



**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** बेहटा ब्लाक प्रमुख कल्पना वर्मा सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय पहुँची। उन्होने अस्पताल परिसर में संचालित हो रहे वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने ब्लाक प्रमुख को बुके भेंटकर स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख कल्पना वर्मा ने सेन्टर में मौजूद पीड़ित महिलाओं से बातचीत कर उन्हे हिम्मत बंधाई। प्रमुख कल्पना वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार पीड़ित महिलाओं का सहारा बन रही है। वन स्टाप सेन्टर में हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं का खोया आत्मविश्वास काउंसलिंग व बातचीत के जरिए पुनः जाग्रत करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में सरकार हर सम्भव कोशिश कर रही है। ब्लाक प्रमुख कल्पना वर्मा ने जिला महिला अस्पताल में गुड्डा-गुड्डी बोर्ड का शुभारम्भ भी किया। ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया तथा शेल्टर होम में अल्पावासित पीड़िताओं से बातचीत भी की। उन्होने अल्पावासित पीड़िताओं से उनकी समस्याओं व वन स्टॉप सेंटर में मिल रही सेवाओं के विषय में पूछताछ की। पीड़िताओं ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को ब्लाक प्रमुख से साझा किया व वन सेंटर में मिल रही सेवाओं को संतोषजनक बताया, इसी के साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जा रही सहायता व सेवाओं के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। जिला प्रोबेशन अधिकारी पटेल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला, बाल सेवा, स्पांसरशिप, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के संदर्भ में जानकारी दी गई, सेंटर की संचालिका दीपिका नाग व अन्य स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

# तीसरी आँख से बचा चौकीदार, नहीं तो तीन लाख की चोरी में जाता जेल

**●एनसीसी कम्पनी के अधिकारी का मैनेज प्लान हुआ फेल**

**●चौकीदार से कार्रवाई न करने का बनवाया हलफनामा**



**इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज)।** थाना क्षेत्र के गौरा जलालपुर के रन्नूपुर गाँव में एनसीसी कम्पनी हर घर जल अन्तर्गत पानी टंकी बनवा रही है। बताते हैं भवन बाउन्ड्री का ठेका किसी क्षेत्रीय व्यक्ति को दे रखा था। ठेकेदार का करीब पाँच लाख रूपया कम्पनी पर बकाया हो गया। कम्पनी में विवाद, चोरी आदि से सम्बन्धित पुलिस केस देख रहे नारायण पाण्डे नामक अधिकारी ने योजना वद्ध तरीके से ठेकेदार द्वारा रखे गये चौकीदार को फंसाकर खेल खत्म करने की योजना बना डाली। कम्पनी में अनुबंधित पिकअप यूपी 34 बीटी 3501 से 20 केवीए का डीजी (जनरेटर) 11 फरवरी को गायब करवा दिया और चौकीदार कामता प्रसाद पुत्र चन्द्रिका निवासी रन्नूपुर ब्लाक महोली थाना इमलिया सुल्तानपुर को नामजद करते हुये केस दर्ज करने हेतु थाने पर लिखित तहरीर दे दी। चूंकि चौकीदार ग्राम प्रधान का खासम खास था। तो प्रधान ने उसको बचाने की पैरवी शुरू की। एनसीसी कम्पनी के उक्त तथाकथित अधिकारी पाण्डेय से प्रधान समझौता के तौर पर डीजी की कीमत का आंकन कराया। जिसकी कीमत मु.धन. 3 लाख रूपया बतायी। जिसके एवज में 19 फरवरी को मु.धन. 2.30 लाख रूपये पाण्डेय को इस शर्त पर दी कि यदि डीजी मिल जाता है तो पैसे वापस करने होंगे। इधर प्रधान ने हरगांव महोली रोड पर उस दिन के सीसीटीवी फुटेज काजी कमालपुर चौकी पुलिस से मिलकर खंगलवाये। पुलिस चौकी के पास लगा सीसीटीवी बन्द मिला। आगे लगे सीसीटीवी कैमरे में उक्त पिकअप हरगांव की तरफ जाती दिखी, जिसमें डीजी रखा था। चौकी पुलिस ने छान बीन करते हुये खैराबाद से पिकअप बरामद की। पिकअप आज भी पुलिस हिरासत में थाने के अन्दर खड़ी है। पिकअप मालिक व चालक उसे छुड़ाने की पुरजोर कोशिश कर रहा है। पुलिस नारायण पाण्डेय को थाने बुला रही है। नारायण पाण्डे न थाने पहुंच रहा है और न ही फोन रिसीव कर अपना पक्ष रख पा रहा है।

## पीएमएलए कानून का हो रहा दुरूपयोग : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि धनशोधन निवारण (पीएमएलए) कानून आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए बनाया गया था लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार विपक्ष के नेताओं के खिलाफ इसका दुरूपयोग कर रही है।आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि ठीक एक साल पहले दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया, फिर कुछ ही दिनों बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया।

# सत्ता में आए तो पुरानी व्यवस्था लाएंगे : कांग्रेस

**●अग्निपथ योजना सेना के साथ खिलवाड़, खड़गे का राष्ट्रपति को पत्र**

**नई दिल्ली।** अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना को लेकर केंद्र सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए, कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि युवाओं के साथ घोर अन्याय किया गया है और कहा कि अगर वह केंद्र में सत्ता में आई तो पुरानी भर्ती योजना को फिर से लागू करेगी। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर अग्निपथ योजना के कारण सशस्त्र बलों में नियमित रोजगार चाहने वाले युवाओं के साथ हुए घोर अन्याय को उजागर किया और उनसे उनके लिए न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया। एआईसीसी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि ऐसी किसी योजना की कोई मांग नहीं थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 14 जून, 2022 को अग्निपथ योजना की घोषणा की थी।

सरकार का यह निर्णय एकतरफा था। इसमें कहा ये गया कि - सेना में भर्ती अग्निपथ योजना के माध्यम से की जाएगी।, - सेना की औसत आयु को कम और सेना का आधुनिकीकरण करना है। जबकि मोदी सरकार ने इस योजना को पैसा बचाने के लिए शुरू किया। एक तरफ सरकार का कहना है कि हम डिफेंस एक्सपोर्ट से बहुत पैसा कमा रहे हैं, आत्मनिर्भर हुए हैं। ऐसे में अगर हम डिफेंस सेक्टर में इतने सक्षम हो रहे हैं, तो सरकार को हमारे सैनिकों के जीवन, उनके पेंशन और परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए काम करना चाहिए। पायलट ने कहा कि अग्निपथ योजना का कांग्रेस पार्टी ने शुरुआत से ही विरोध किया है, क्योंकि ये सेना के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि देश में करीब 2 लाख युवा हैं, जिन्हें चयनित किया गया लेकिन जॉइनिंग नहीं दी गई।

# उच्चतर लक्ष्य प्राप्त करने की मानसिकता करें विकसित



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल संचार और इलेक्ट्रोनिक्स तथा आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को रेल संचार और इलेक्ट्रोनिक्स तथा आईटी मंत्रालयों के लिए वार्षिक क्षमता निर्माण योजना आरंभ की। यह वार्षिक योजना संगठनों, संस्थानों एवं व्यक्ति विशेषों के विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं उभरती प्रौद्योगिकीयों नागरिक केन्द्रीयता को ध्यान में रखते हुए क्षमता निर्माण एवं श्रमबल के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है।

डाकघरों रेलवे बीएसएनएल एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के कर्मचारियों ने आईजीओटी कर्मयोगी प्रशिक्षण के अपने अनुभव साझा किए तथा बताया कि किस प्रकार इससे उन्हें अपनी क्षमताओं को विकसित करन अपने रोजगार के प्रति उनकी समग्र मानसिकता में सुधार लाने और आम जनता को सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं को बेहतर तरीके से उपलब्ध कराने में उनके निष्पादन तथा क्षमता को बढ़ाने में मदद प्राप्त हुई है। केंद्रीय रेल संचार और इलेक्ट्रोनिक्स तथा आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में रेलवे, डाक घरों सीएससी तथा बीएसएनएल के 1000 से अधिक कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति जिसमें रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एमईआईटीवाई के सचिव डाक विभाग के सचिव संचार के सचिव तथा क्षमता निर्माण आयोग के अध्यक्ष भी उपस्थित थे। श्री वैष्णव ने कहा चाहे रेलवे हो या डाक विभाग सीएससी या बीएसएनएल हो सभी सेवा से संबंधित विभाग हैं और सेवा उद्योग को एक अलग प्रकार की मानसिकता की आवश्यकता होती है क्योंकि उनका ग्राहकों और हितधारकों के साथ निरंतर संवाद होता है जिसका ग्राहकों एवं समस्त नेटवर्क पर गहरा प्रभाव पड़ता है। श्री वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत सभी चारों विभागों में भारी निवेश किया जा रहा है और हमारे पास दीर्घ अवधि की निवेश योजनाएं हैं क्योंकि वे ही विकसित भारत की नींव रखेंगी।

# एक ही छत के नीचे होगा पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का समाधान

**●सीतापुर के सिधौली में स्थापित होगी वन स्टाप सेन्टर की दूसरी यूनिट**

**●शासन के निर्देश पर भूमि चिन्हित करने की कवायद शुरू**

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** योगी सरकार सीतापुर सहित प्रदेश के चार जनपदों में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने व उन्हे सुविधायें उपलब्ध कराने को लेकर वन स्टाप सेन्टर की दूसरी यूनिट स्थापित करने जा रही है। इसके लिये शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी ने सिधौली तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में भूमि चिन्हित करने की कवायद तेज कर दी है। जल्द ही भूमि चिन्हित कर शासन को प्रस्ताव भेज दिया जायेगा। उम्मीद है कि आगामी वित्तीय वर्ष में सिधौली क्षेत्र की महिलाओं को वन स्टाप सेन्टर की सुविधाओं का लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाने और उत्पीड़न का शिकार हुई महिलाओं की सहायता के लिए जिला मुख्यालय पर वन स्टॉप सेंटर का निर्माण हो रहा है। यहाँ महिलाओं की हर समस्या का समाधान एक ही छत के नीचे किया जायेगा। महिला कांउसलर, मनोचिकित्सक और पुलिस विभाग की मदद से महिलाओं की समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। वन स्टॉप सेंटर में बेसहारा महिलाओं को पुलिस सुरक्षा में रात्रि में रुकने, खाने पीने और इलाज आदि की भी पूरी व्यवस्था होंगी। वन स्टॉप सेंटर पीड़ित और शोषित महिलाओं के लिए वरदान साबित होगी। वन स्टॉप सेंटर यानी कि एक सेंटर पर ही महिलाओं की समस्त समस्याओं का समाधान किया जा सके।

प्रदेश सरकार की ये योजना महिला शशक्तिकरण के क्षेत्र में भी अपना अमूल्य योगदान दे रही है।

### वन स्टॉप सेंटर में कानूनी सलाह से लेकर मेडिकल की सुविधा

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** फिलहाल वन स्टॉप सेंटर मुख्यालय के महिला अस्पताल में अस्थायी रूप से संचालित किया जा रहा है, लेकिन इसका सही तरीके से संचालन हो सके, इसके लिए उजागर लाल इंटर कॉलेज के पास परिसर में 48 लाख की लागत से वन स्टाप सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य के बाद जल्द ही इसे यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। इस सेंटर में पीड़ित बालिका और महिलाओं को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की सुविधा के साथ चिकित्सीय सुविधा, मनोवैज्ञानिक परामर्श की सुविधा, कानूनी परामर्श और पांच दिन तक अस्थायी निवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### क्या होता है सखी वन स्टाप सेंटर

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** सखी वन स्टाप सेंटर अनाथ, विधवा, निराश्रित महिलाओं को सहारा प्रदान करता है। जिले स्तर पर पीड़िताओं को लाभ दिलाने के लिए सरकार द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर खोले गए हैं। जिनकी देखरेख, संचालन महिला और बाल विकास विभाग की मदद से की जाती है। वन स्टॉप सेंटर योजना भारत सरकार ने एक अप्रैल 2015 को हिंसा प्रभावित महिलाओं का समर्थन करने के लिए लागू की थी। यह योजना मूल रूप से सखी के नाम से जानी जाती है। प्रत्येक जनपद में एक सखी वन स्टॉप सेंटर बनाए गए हैं। वन स्टॉप सेंटर स्कीम का मतलब है, एक ऐसी व्यवस्थाएं जहां हिंसा से पीड़ित कोई भी महिला मदद ले सकती है।